.वर्ष 14, अंक 118
गैरसैंण
रविवार
27 अगस्त 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित  डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23  फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com  मूल्य-2 रुपये

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा 23 अगस्तः पीएम

### अगले कुछ सालों में 16 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा भारत का अंतरिक्ष उद्योग

**बेंगलुरू , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों से कहा कि देश का अंतरिक्ष उद्योग अगले कुछ वर्षों में आठ अरब डॉलर से बढ़कर 16 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। पीएम मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत की नवप्रवर्तन की भावना 2047 में विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करेगी। पीएम मोदी ने यूनान से लौटने के बाद यहां इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में सफल चंद्रयान -3 मिशन के लिए इसरो वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए विशेषज्ञों के अनुमान का हवाला देते यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा, "देश के लोगों को वैज्ञानिकों पर भरोसा है और जब लोगों का आशीर्वाद मिलेगा, तो देश के प्रति दिखाए गए समर्पण से भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक गुरु की तरह उभरकर सामने आएगा। नवाचार की हमारी यही भावना देश के सपनों को साकार करेगी और 2047 में एक विकसित भारत का सपना साकार होगा।' उन्होंने कहा कि सरकार अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों के लिए लगातार काम कर रही है और



भारत के युवा निरंतर प्रयासरत हैं। देश में पिछले चार वर्षों में अंतरिक्ष से संबंधित स्टार्टअप की संख्या 04 से बढ़कर लगभग 150 तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र की क्षमताएं उपग्रहों को लॉन्च करने और अंतरिक्ष अन्वेषण तक सीमित नहीं हैं और इसकी ताकत जीवन की सुगमता और सरकार की सुगमता में देखी जा सकती है।

उन्होंने नेविगेशन विथ इंडियन कॉन्स्टेलशन (नाविक) प्रणाली की भूमिका और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान इसके समर्थन के बारे में भी बात की।

श्री मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी हमारे पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का भी आधार है। इससे परियोजनाओं की योजना, कार्यान्वयन और निगरानी में बहुत मदद मिल रही है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग का यह दायरा, जो समय के साथ बढ़ रहा है, हमारे युवाओं के लिए अधिक अवसर प्रदान कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने अनुरोध किया कि इसरो केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सहयोग से 'शासन में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी' पर राष्ट्रीय हैकथॉन आयोजित करें। उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि यह राष्ट्रीय हैकथॉन हमारे शासन को और अधिक प्रभावी बनाएगा और हमारे देशवासियों को आधुनिक समाधान प्रदान करेगा।"

पीएम मोदी ने देश की युवा पीढ़ी को एक टास्क भी दिया. "मैं चाहता हूं कि नई पीढ़ी भारत के धर्मग्रंथों में मौजूद खगोलीय सूत्रों को वैज्ञानिक ढंग से सिद्ध करने और उनका नए सिरे से अध्ययन करने के लिए आगे आए। जो हमारी विरासत के लिए भी महत्वपूर्ण है और विज्ञान के लिए भी। उन्होंने कहा कि आज एक तरह से यहां के स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय, छात्रों के लिए यह दोहरी जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत के पास गुलामी के लंबे कालखंड में वैज्ञानिक ज्ञान का जो खजाना था, वह जमीन में दबा हुआ है। आजादी के अमृत काल में हमें इस खजाने को भी खोजना है, इस पर शोध भी करना है और दुनिया को इसके बारे में बताना भी है। पीएम मोदी ने देश भर के छात्रों से 01 सितंबर से चंद्रयान मिशन पर एक विशाल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने का भी आग्रह किया।

## पीएम मोदी ने स्पेस मिशन के टचडाउन पॉइंट का किया नामकरण, 'शिवशक्ति' के नाम से जानी जाएगी जगह

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** पीएम मोदी ने चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम के सॉफ्ट लैंडिंग वाली जगह को नाम दिया है। पीएम मोदी बेंगलुरू में इसरो वैज्ञानिकों से मिलने पहुंचे थे। यहां वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मेरे परिवारजनों, आप जानते हैं कि स्पेस मिशन के टचडाउन पॉइंट को एक नाम दिए जाने की वैज्ञानिक परंपरा है। चंद्रमा के जिस हिस्से पर हमारा चंद्रयान उतरा है भारत ने उस स्थान के भी नामकरण का फैसला लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस स्थान पर चंद्रयान 3 का मून लैंडर उतरा है, अब उस पॉइंट को- शिव शक्ति के नाम से जाना जाएगा।

23 अगस्त को जब भारत का चंद्रयान-3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड हुआ था, उस समय प्रधानमंत्री साउथ अफ्रीका में ब्रिक्स समिट में हिस्सा ले रहे थे। इसके बाद वे ग्रीस के दौरे पर गए थे। बेंगलुरु में प्रधानमंत्री ने एक और घोषणा की। उन्होंने कहा कि चांद के जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपना पदचिन्ह छोड़ा है, उसे अब तिरंगा प्वाइंट के नाम से जाना जाएगा।

## आईएनएस सुनयना का दक्षिण अफीका के डरबन बंदरगाह का दौरा

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** आईएनएस सुनयना ने 21-25 अगस्त को डरबन, दक्षिण अफ्रीका के बंदरगाह का दौरा किया और प्रधानमंत्री के क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के दृष्टिकोण के अनुरूप और समुद्री साझेदारों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत किया। यात्रा के दौरान, भारतीय नौसेना और दक्षिण अफ्रीकी नौसेना के कर्मी पेशेवर और प्रशिक्षण बातचीत, डेक दौरे और खेल स्थिरता की एक विस्तृत श्रृंखला में शामिल हुए। नेविगेशन, अग्निशमन, क्षति नियंत्रण और विजिट बोर्ड सर्च एंड सीज़ के विभिन्न पहलुओं पर संयुक्त प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। वसुधैव कुटुंबकम का संदेश फैलाते हुए, दक्षिण अफ्रीकी नौसेना कर्मियों के साथ आईएनएस सुनयना पर एक संयुक्त योग सत्र आयोजित किया गया।

जहाज 23 अगस्त 23 को आगंतुकों के लिए खुला था। डरबन में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. थेल्मा जॉन डेविड ने जहाज का दौरा किया और जहाज की भूमिका और क्षमताओं से परिचित हुए।जहाज ने बंदरगाह छोड़ने पर, संयुक्तता और अंतरसंचालनीयता को आगे बढ़ाते हुए डरबन से दक्षिण अफ्रीकी नौसेना जहाज एसएएस किंग सेखुखुन द्व के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) किया। यात्रा की सफल परिणति समुद्री सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में दोनों नौसेनाओं की साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सरकार की प्राथमिकता : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान तेजी से हो इसके लिए जिलाधिकारियों को प्रत्येक कार्य दिवस में दो घंटे जन समस्याओं को सुनने के निर्देश दिये गये हैं। कहा कि वे स्वयं जनपदों के भ्रमण के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लगातार फीडबैक ले रहे हैं। जिलाधिकारियों को जनपदों में जनता दरबार, तहसील दिवस एवं बीडीसी की नियमित बैठकें करने के भी निर्देश दिये गये हैं। सीएम ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में बड़ी



**सीएम पुष्कर सिंह धामी फरियादी की समस्या सुनते हुए।**

संख्या में आए लोगों की समस्यायें सुनी। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, जमीन से संबंधित एवं अन्य समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा।

अधिकांश जन समस्याओं एवं शिकायतों का उन्होंने मौके पर ही समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को भ निर्देश दिए हैं कि जो भी जन शिकायतें एवं समस्याओं के लिए पत्र प्राप्त हुए हैं उनको समाधान के लिए शीघ्र

### अधिकारियों को दिये समस्याओं का शीघ्र समाधान के निर्देश

संबंधित अधिकारियों को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक रूप से लोगों के कार्यों में विलंब किया जा रहा है, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपनी शिकायतें सीएम हेल्पलाइन 1905 पर भी दर्ज कराने की अपेक्षा की है। इस पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की भी व्यवस्था बनाई गई है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव एस.एन. पाण्डे, आईजी के.एस. नगन्याल आदि मौजूद थे।

## ट्रेन में आग लगने से 10 की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में मदुरै जिले के पास शनिवार सुबह तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही ट्रेन में आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। दक्षिणी रेलवे के सूत्रों और पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन के एक कोच में यात्रियों ने खाना पकाने के लिए अवैध रूप से ले जाए जा रहे एलपीजी सिलेंडर को जलाया।

इसी दौरान सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे डिब्बे में आग लग गई। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। आग के बगल के डिब्बों तक फैलने से कई अन्य लोग फंस गए। सूचना मिलने के बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य जारी है। इस बीच कम से कम 60 लोगों ने ट्रेन से बाहर कूदकर जान बचाने में सफल रहे।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में लश्कर के तीन सहयोगी आतंकी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों ने शनिवार को कुपवाड़ा जिले में अलग-अलग अभियान के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।

पुलिस ने कहा कि एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभियान में, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 28 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के साथ मिलकर कुपवाड़ा में लश्कर से जुड़े दो आतंकवादी सहयोगियों को पकड़ा और संदिग्धों के पास से पाकिस्तान और चीन मूल के पांच हथगोले भी बरामद हुए। पुलिस ने कहा कि विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना 28 आरआर ने दो आतंकवादी सहयोगियों को रोकने के लिए एक अभियान चलाया, जिन्होंने



कुपवाड़ा में एक अज्ञात व्यक्ति से खेप खरीदी थी।उन्होंने बताया कि ये लोग लश्कर कमांडर गुलाम रसूल उर्फ राफिया रसूल से निर्देश लेकर शतमुक्म गांव की ओर जा रहे थे, रसूल मूल रूप से चंडीगाम लोलाब का निवासी था और अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान जुबैर अहमद शाह पीरजादा और पीरजादा मुबाशिर यूसुफ के रूप में हुई। दोनों शतमुकम, लोलाब, कुपवाड़ा के निवासी थे। इनके पास से पांच हथगोले और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए।

## लाल रंग और लाल डायरी से बहुत डरते हैं गहलोत, इसके अंदर काले कारनामे छिपे हैं: शाह

**गंगापुर, एजेंसी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बहुचर्चित लाल डायरी के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा है कि इसमें काले कारनामें छिपे है और मुख्यमत्री अशोक गहलोत को अपने पद से इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में आ जाना चाहिए। अमित शाह राजस्थान के नया जिला गंगापुर सिटी में शनिवार को सहकार एवं किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपना संबोधन प्रारंभ किया ही था कि कुछ लोगों ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी ) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दी। इस पर सम्मेलन में आए लोगों का ध्यान उस और जाने पर श्री शाह ने कहा कि उधर ध्यान मत लगाइए, गहलोतजी ने कुछ लोग भेजे हैं, जो अभी पांच मिनट में चले जाएंगे।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनकी सरकार की योजनाओं का बखान किया और इस दौरान जब नारेबाजी जारी रहने पर श्री शाह ने कहा कि नारे लगाने की जगह चंद्रयान को



आगे बढाया और सहकारिता मंत्रालय बनाया होता, किसानों का कल्याण किया होता तो आज नारे लगाने की नौबत नहीं आती और आपका का भी नम्बर होता। उन्होंने कहा "मैं राजस्थान में आया हूं , राजनीति करना नहीं चाहता लेकिन उन्होंने राजनीति की शुरआत कर दी है, हमारे दिलीप भाई (इफको अध्यक्ष दिलीप संघानी) बहुत भोले-भाले हैं। उन्होंने मुझे फोल्डर भेजा, मैंने मना किया कि यह फोल्डर मत रखना, क्योंकि गहलोतजी नाराज हो जाएंगे। इस पर दिलीप भाई बोले, इसमें ऐसा क्या है कि गहलोत जी चिढ़ जाएंगे।"

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि फोल्डर का रंग लाल था और आजकल श्री गहलोत लाल डायरी से बहुत डरे हुए है, ऊपर से डायरी लाल है लेकिन अंदर अरबों के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा छिपा हुआ है। उन्होंने कहा कि वह गहलोतजी को कहने आये है कि ये चंद लोग भेजकर नारे लगाने से कुछ नहीं होता है। जरा भी शर्म बची है तो लाल डायरी के मुद्दे पर इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में आइए और हो जाये दो-दो हाथ। श्री शाह ने भाषण के आखिरी में भी लाल डायरी का जिक्रकरते हुए कहा कि घर में कोई डायरी हो तो उसका रंग लाल मत रखना, नहीं तो गहलोतजी नाराज हो जाएंगे।

इससे पहले उन्होंने अपने भाषण में कहा कि 75 साल से किसान अलग से सहकारिता मंत्रालय होने की मांग कर रहे थे, जिसे श्री मोदी ने पूरा किया और अलग से सहकारिता मंत्रालय बनाया। उन्होंने निवेदन किया कि इस फैसले स्वागत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री मोदी जब से प्रधानमंत्री बने है ढेर सारे ऐसे काम किए हैं जो देश में पहले कभी नहीं हुए। अमित शाह ने कहा कि कुछ दिन पहले चांद के दक्षिण ध्रुव पर हमारा चन्द्रयान तिरंगा लहराता हुआ पहुंच गया। इससे समग्र देश के अंदर एक प्रकार से नई ऊर्जा एवं नए विश्वास का संचार हुआ है। सैंकडों करोड़ों साल से प्रयास किए गए और चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव के रहस्य बने हुए थे, दुनिया का कोई देश नहीं पहुंच पाया लेकिन श्री मोदी ने नई दिशा दी और इस पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बना है जो गौरव का विषय है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र में जब कांग्रेस सरकार थी तब किसानों के लिए कुछ नही किया गया जबकि भाजपा ने किसानों के ढेर सारे काम किये, ढेर सारी योजनाए शुरु की और हर किसान को छह हजार रुपए दिए जा रहे है , इसके साथ ही फसल बीमा का काम किया गया। श्री शाह ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय 22 हजार करोड़ का किसान बजट था जिसे श्री मोदी ने छह गुना बढ़ाकर एक लाख 25 हजार करोड़ करने का काम किया। इसी तरह गेंहू के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 1400 रुपए से बढ़ाकर 2100 रुपए एवं सरसों का एमएसपी को भी बढाया दिया गया। उन्होंने सहकारिता को किसानों के लिए बनी बताते हुए कहा कि 3500 सोसायटियों के माध्यम से सहकारिता का उद्धार किया गया है। सरकार दो लाख नये पैक्स बनाकर हर ग्राम पंचायत में पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि किसान कहते है कि राजस्थान में बिजली नहीं मिलती और बिजली की खरीद मे धांधली हो रही है । उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार का बिजली के उत्पादन पर ध्यान नहीं है। अमित शाह ने कहा "पिछले दोनों चुनाव में 55 और 61 प्रतिशत मत देकर राज्य की सभी सीटें श्री मोदी की झोली में डाली है और अब वर्ष 2024 में फिर चुनाव आ रहा है। मैं किसानों को पूछने आया हूं कि 2024 में फिर से श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हो।" हाथ ऊपर कराने के बाद उन्होंने कहा कि किसानों ने कह दिया लेकिन इससे पहले इस वर्ष में विधानसभा के चुनाव आ रहे है, 2024 तब दोगे जब यहां सत्ता परिवर्तन कराओंगे। उन्होंने 2023 में भाजपा सरकार बनाने के लिए हाथ उठाकर सभी सीटे जीतने का संकल्प दिलाया।

## आठ से 10 सितंबर तक 160 उड़ाने रहेंगी रद्द!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी-20 सम्मेलन के लिए एयरपोर्ट पर भी खास तैयारियां चल रही हैं, क्योंकि विदेशी मेहमानों की आवाजाही अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से होगी। ऐसे में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। यहां मेहमानों के स्वागत के लिए रिहर्सल भी की जा रही है।

विश्व के कई महत्वपूर्ण देशों के खुफिया विभाग भी जायजा ले रहे हैं। ऐसे में इस एयरपोर्ट से संचालित होने वाले यात्री विमान भी प्रभावित होने की संभावना है। इनमें ज्यादातर घरेलू विमान पर ही असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय विमानों की आवाजाही पर ज्यादा असर नहीं होगा।

8 से 10 सितंबर तक करीब 80 प्रस्थान व 80 आगमन करने वाली घरेलू उड़ानें रद्द रहेंगी। एयरपोर्ट संचालित करने वाली कंपनी डायल का कहना है कि घरेलू विमान संचालन करने वाली कंपनियों ने 160 विमानों को निरस्त करने का नोटिस दिया है।

ऐसे में दिनभर में उड़ान भरने वाले विमानों की संख्या में महज 6 प्रतिशत विमान प्रभावित रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बड़े अधिकारी और तमाम विदेशी मेहमान एयरपोर्ट पर 7 सितंबर को पहुंचेंगे। इनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर रिहर्सल की जा रही है।

## शिक्षा के मंदिर में टीचर की शर्मनाक करतूत, 'धर्म' के नाम पर बच्चे को पिटवाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर ,(एजेंसी)।** शिक्षा के मंदिर स्कूल में एक शिक्षक की शर्मनाक करतूत वायरल हो रही है। इस वीडियो में शिक्षक एक बच्चे को क्लास के ही बाकी बच्चों से पिटवा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद दावा किया जा रहा है कि जिस बच्चे को बाकी छात्र थप्पड़ मार रहे हैं, वो बच्चा मुस्लिम है। वीडियो वायरल होने के बाद टीचर के खिलाफ बच्चे के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।आरोपी महिला टीचर का नाम तृप्ता त्यागी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का जहर घोलना, स्कूल जैसे पवित्र स्थान को नफरत का बाजार बनाना- एक शिक्षक देश के लिए इससे बुरा कुछ नहीं कर सकता।

## दशनामी अखाड़ा से रवाना हुई 'छड़ी मुबारक', पवित्र गुफा के दर्शन के बाद समाप्त होगी अमरनाथ यात्रा

**श्रीनगर , एजेंसी।** भगवान शिव की पवित्र गदा, स्वामी अमरनाथ की 'छड़ी-मुबारक' के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि शनिवार तड़के अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए दशनामी अखाड़ा मंदिर श्रीनगर से बस में रवाना हुए। स्वामी गिरि अन्य साधुओं के साथ यात्रा को पूर्ण करेंगे और यहां पहुंचकर अमरनाथ यात्रा के अंतिम अनुष्ठानों का संचालन करेंगे। इस यात्रा को स्वामी ओर साधुओं को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्ण कराई जाएगी। छड़ी मुबारक, जिसमें एक भगवान शिव और दूसरी देवी पार्वती का चित्रण है। सदियों पुरानी परंपराओं, अनुष्ठानों के अनुसार, यात्रा श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा मंदिर से पहलगाम के लिए रवाना होती है, जिसमें दक्षिण कश्मीर



में पारंपरिक पहलगाम मार्ग से साधुओं का एक समूह "बम बम बोले" का नारा लगाते हुए अमरनाथ गुफा की ओर जाता है।रास्ते में 'छड़ी मुबारक' को बिजबेहरा में शिवजी महाराज हरिश्चंद्र मंदिर और श्री मार्तंडा मंदिर ले जाया जाएगा, जहां विशेष पूजा की जाएगी। वार्षिक 64 दिवसीय अमरनाथ यात्रा एक जुलाई को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल मार्गों से शुरू होती है और 31 अगस्त को श्रावण-पूर्णिमा के अवसर पर समाप्त होती है। इस वर्ष, अधिकारियों द्वारा तीर्थयात्रियों के लिए किए गए इंतजामों के बीच 4.40 लाख से अधिक भक्तों ने अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन किए। छड़ी मुबारक पहली रात पहलगाम में रुकेगी। पहलगाम के रास्ते में, सुरेश्वर मंदिर श्रीनगर, शिव मंदिर पंपोर, शिव मंदिर बिजबेहरा, मार्तंड तीर्थ मट्टन, और लिद्दर नदी के पार गणेश मंदिर, गणेशबल में भी पूजन किया जाएगा।

## जीएमओयू की वार्षिक साधारण बैठक 27 सितंबर को होगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** उत्तराखंड की सबसे बड़ी परिवहन कंपनी जीएमओयू की वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) 27 सितंबर को कंपनी के कोटद्वार स्थित मुख्यालय में होगी। यह जानकारी सचिव विजयपाल सिंह नेगी ने दी। बताया कि एजीएम में तीन नए संचालकों का चुनाव भी कराया जाएगा, जिनका इस साल कार्यकाल पूरा हो रहा है। उत्तराखंड की सबसे बड़ी परिवहन कंपनी जीएमओयू की वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) 27 सितंबर को कंपनी के कोटद्वार स्थित मुख्यालय में होगी। यह जानकारी सचिव विजयपाल सिंह नेगी ने दी। बताया कि एजीएम में तीन नए संचालकों का चुनाव भी कराया जाएगा, जिनका इस साल कार्यकाल पूरा हो रहा है।

# शहर के अवैध अतिक्रमण पर चली जेसीबी, ध्वस्त किए बरामदे

### कोटद्वार में सरकारी सिस्टम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, अतिक्रमण की जद में आए एक दर्जन से अधिक बरामदों को करवाया ध्वस्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद हरकत में आए प्रशासन व नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। शनिवार को झंडाचौक से कोतवाली परिसर के मध्य दुकानों के बाहर बनाए गए बरामदों को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। इस दौरान कई व्यापारियों ने विभागीय कार्रवाई का विरोध भी किया। लेकिन, सरकारी सिस्टम की सख्ती के आगे उनकी एक न चल सकी। शहर में सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक लगातार अभियान चलता रहा।

मालूम हो कि, वर्तमान में उच्च न्यायालय ने शासन-प्रशासन को सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी के तहत शनिवार को कोटद्वार में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सुबह करीब नौ बजे प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभाग भारी पुलिस फोर्स के साथ झंडाचौक में पहुंच गए थे। चार जेसीबी मशीनों के साथ पहुंचे अधिकारियों को देख व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई। जैसे ही जेसीबी मशीन का पंजा बरामदों को ध्वस्त करने के लिए मुड़ा व्यापारी अभियान का विरोध करने लगे। लेकिन, सरकारी सिस्टम की सख्ती के आगे उनकी एक न चल सकी।

दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तक चले अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक बरामदों को ध्वस्त कर दिया गया। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर व्यापारियों ने अतिक्रमण कर बरामदों को सड़क से काफी ऊंचा उठा दिया था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब तीस अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। बताया कि कई अतिक्रमण का मामला अभी न्यायालय में लंबित है। फैसला आने के बाद जल्द ही इनके खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर आयुक्त ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद उक्त स्थान पर वर्षा के पानी की निकासी के लिए नाली बनाई जाएगी।

साथ ही आमजन के पैदल चलने के लिए फुटपाथ का भी निर्माण करवाया जाएगा।



कोटद्वार के झंडाचौक के समीप अवैध रूप से बनाए गए बरामदों को ध्वस्त करती जेसीबी ।



कोटद्वार में अतिक्रमण हटाने के दौरान तैनात किया गया पुलिस फोर्स

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

**शहर की सड़कों पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन व नगर निगम का अभियान आगे भी जारी रहेगा। दरअसल, अतिक्रमण के मामले में कई व्यापारी न्यायालय में पहुंचे हैं। ऐसे में जैसे ही फैसला नगर निगम के पक्ष में आएगा नगर निगम दोबारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।**

# निगम व प्रशासन पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

### शहर के व्यापारियों ने किया अतिक्रमण पर हो रही कार्रवाई का विरोध , आक्रोशित व्यापारियों ने जल्द कार्रवाई नहीं रूकने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** शहर में चल रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का व्यापारियों ने विरोध किया है। व्यापारियों ने प्रशासन व नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द कार्रवाई पर विराम लगाने की मांग उठाई। कहा कि सरकारी सिस्टम व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है।

अतिक्रमण हटाने का विरोध करते हुए व्यापर मंडल अध्यक्ष महेंद्र बिष्ट, सुबोध गर्ग, विवेक अग्रवाल, रामप्रकाश शर्मा सहित अन्य व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी, नगर आयुक्त व सहायक नगर आयुक्त का घेराव किया। व्यापारियों और अधिकारियों की आपस में तीखी नोक झोंक भी हुई। लेकिन नगरायुक्त ने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए अभियान को न रोकने की बात कही। व्यापारियों ने कहा कि बाजार में चल रही मंदी के कारण वह पहले ही आर्थिक समस्याओं को झेल रहे हैं। ऐसे में अब प्रशासन व नगर निगम अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर उनका उत्पीड़न करने लगा है। प्रशासन व निगम को केवल झंडाचौक व तहसील के बीच ही अतिक्रमण नजर आता है। व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को ध्वस्त करने से पूर्व प्रशासन को अवैध तरीके से अतिक्रमण कर बने सरकारी भवनों को गिराना चाहिए। यही नहीं आज तक नगर निगम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सड़क पर बने अपने भवनों को भी खाली नहीं करवाया। व्यापारियों ने शीघ्र अभियान पर विराम नहीं लगाए जाने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी। कहा कि शहर में व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



कोटद्वार में अतिक्रमण को लेकर अधिकारी का घेराव करते व्यापारी

## आपदा प्रभावित परिवार के बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम के अंतर्गत राइंका कुंभीचौड़ में आयोजित कार्यक्रम में आपदा प्रभावित छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल ने कहा कि इस वर्ष आपदा से कोटद्वार में भारी तबाही हुई। कई लोगों के मकान बह गये साथ ही घरों में मलवा भरने से छात्रों की पाठ्य सामग्री भी खराब हो गई। इस पर विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने आपसी सहयोग से विद्यालय में अध्ययनरत आपदा प्रभावित 36 बच्चों की मदद करने का निर्णय लिया। मौके पर आपदा प्रभावित छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, ड्रैस जूते व पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## केंद्र सरकार की बुद्धि शुद्धि को किया यज्ञ

**पौड़ी** : गढ़वाल विवि में रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर छात्रों को प्रवेश देने सहित तीन सूत्रीय मांगों का हल नहीं होने से नाराज छात्रसंघ पदाधिकारियों ने शनिवार को केंद्र सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन यज्ञ किया। इस दौरान छात्रों ने चेतावनी दी कि जल्द ही समस्याओं का हल नहीं होने पर आंदोलन को उग्र रुप दिया जाएगा और पूरे परिसर में तालेबंदी कर दी जाएगी। छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल ने कहा कि सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को 50 फीसदी आरक्षण देने, गढ़वाल विवि से स्नातक करने वाले छात्रों को स्नातकोत्तर में 5 फीसदी वेटेज देने व मेरिट के आधार पर प्रवेश देने मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। चेतावनी दी कि जल्द समस्याओं का हल नहीं होने पर परिसर के मुख्य गेट पर तालेबंदी के साथ ही प्रशासनिक भवन में तालेबंदी कर दी जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में सचिव मुकुल रावत, अर्जुन, अमन नेगी, मोनिका, सिमरन, स्वाती, संजना गुजराल आदि शामिल रहे।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर काटे आठ चालान

पौड़ी : सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार सांय को उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपुर वर्मा के नेतृत्व में परिवहन व पुलिस विभाग ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आठ चालान किये गए, जिसमें एक चालान ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत किया गया।उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपुर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चेकिंग अभियान श्रीनगर व अन्य स्थलों पर चलाया गया। जिसमें हेलमेट, सीट बेल्ट, बिना लाइसेंस सहित अन्य मामलों में आठ चालान किए गए जिसमें से एक के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव में चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने वाहन चालकों को निर्देशित किया कि यातायात नियमों का पालन करें। वाहन क्षमता के अनुसार ही यात्रियों को बिठाये। कहा कि चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। उन्होंने चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस, परिवहन व राजस्व विभाग से संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोटद्वार की उपेक्षा पर जताया रोष, समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राज्य गठन के बाद भी गढ़वाल के द्वार कोटद्वार का बेहतर विकास नहीं होने पर कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि आज भी कोटद्वार की जनता मूलभूत सुविधाओं को तरस रही है। विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह किया गया है। समिति ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजते हुए जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र उनियाल के नेतृत्व में सदस्यों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया कि कोटद्वार राज्य का प्रमुख व्यापारिक यातायात ट्रांसपोर्ट नगर के अलावा विश्व प्रसिद्ध श्री सिद्धबली धाम एवं भारत नामदेय चक्रवर्ती सम्राट की एतिहासिक भूमि है। बावजूद इसके राज्य निर्माण के बाद इस नगर की निरन्तर उपेक्षा के साथ पूर्व राज्यवर्ती उत्तर प्रदेश के समय उपलब्ध सुविधाओं को भी छीना जा रहा है।

समिति ने राज्य निर्माण से पूर्व की भांति मोटर नगर की भूमि को कोटद्वार को लौटाने की मांग उठाई।

कहा कि विवादित धनराशि को संबंधित अदालत में जमाकर मोटर नगर की भूमि को मुक्त कराये तथा इस प्रकरण की सीबीआई या न्यायिक जांच करवाएं। राज्य निर्माण से पूर्व की भांति कोटद्वार की सीवर ट्रीटमेंट व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुखरौ पुल के समीप उत्तर प्रदेश से भूमि लीज पर लेने, लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग एवं कोटद्वार-रामनगर बस सेवा को बहाल करने, गाड़ीघाट में आबादी को ट्रेचिंग ग्राउंड के दंश से निजात दिलवाने व कोटद्वार से दिल्ली के लिए रेल गाड़ी भरत जन्म भूमि कण्वाश्रम एक्सप्रेस के नाम से संचालित करवाने की मांग उठाई। इस मौके पर नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष लाजपत राय भाटिया, नागरिक मंच कोटद्वार के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी, जीएमओयू लि. के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, गढ़वाल जीप टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अमरदीप सिंह रावत, वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष पीएल खंतवाल आदि मौजूद रहे।

# बीडीसी की बैठक में छाए रहे जन समस्याओं के मुद्दे



बीडीसी बैठक में समस्या को उठाते हुए जनप्रतिनिधि।



ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी बीडीसी बैठक में अधिकारी का स्वागत करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : एकेश्वर ब्लॉक के सभागार में प्रमुख नीरज पांथरी की अध्यक्षता में बीडीसी सदस्य और जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने मरनेगा, शिक्षा विभाग, बिजली, पानी, सड़क, कृषि सहित क्षेत्र की अन्य समस्याओं को उठाया। बैठक में उरेडा और खाद्यन्न विभाग के अधिकारी के उपस्थित न होने पर निंदा प्रस्ताव लाया गया।

बता दें कि पूर्व में एकेश्वर ब्लॉक की बीडीसी बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों के न आने के कारण बैठक का जनप्रतिनिधियों ने बहिष्कार किया था। शनिवार को ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी की अध्यक्षता में बीडीसी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसे जरूरी मुद्दे ही छाए रहे। अधिकतर सदस्यों ने कहा कि आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। कहा कि वह काफी समय से क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को उठा रहे है, लेकिन आज तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी ने कहा कि बीडीसी बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान अधिकारियों ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। जबकि अन्य समस्याओं के जल्द निर-ाकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। परियोजना निदेशक संदीप राय ने बीडीसी बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्य कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड पाबौ, अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई श्रीनगर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## नैक की टीम ने किया महाविद्यालय कण्वघाटी का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में पहुंची राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शनिवार को तीन सदस्यीय टीम भाबर के महाविद्यालय में पहुंची। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की प्राचार्या डा. जानकी पंवार निदेशालय प्रतिनिधि के रूप में टीम के साथ उपस्थित रही। टीम ने महाविद्यालय में पुस्तकालय, वायनालय, प्रशासनिक कार्यालय, परीक्षा विभाग की प्रगति रिपोर्ट, शैक्षणिक सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विद्यार्थियों से भी महाविद्यालय में शिक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गई। निरीक्षण के उपरांत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्राजति के पौधों का रोपण किया गया। शिक्षक व विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि टीम महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह संतुष्ट थी। भविष्य में महाविद्यालय के बेहतर विकास के लिए भी आश्वासन दिया गया।

## छात्र-छात्राओं ने सीखीं थिएटर की बारीकियां

**पौड़ी** : संवाद आर्ट ग्रुप पौड़ी के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में कलाकारों ने वीर वधु देवकी नाकट का मंचन प्रस्तुत किया। इस मौके पर कलाकारों ने छात्र-छात्राओं को थिएटर की बारीकियां भी बताई।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय व संगीत नाटक अकादमी की दिशा निर्देशों पर आयोजित कार्यशाला का मंचन जीआईसी उज्याड़ी में आयोजित हुआ। नाटक का निर्देशन करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज दूर्बी ने बताया कि वीरवधु देवकी की कहानी साहित्यकार भजन सिंह सिंह के दस्तावेजों पर आधारित है। नाटक के इस मार्मिक दृश्य को देखकर स्कूली बच्चे आश्चर्यचकित हो उठते हैं। नाटक में निकिता नेगी, शंकर राणा व सुधांशु नौडियाल, प्राची, अरमान, अफ्फान, अंशुल, अनूप गोसांई और वोल्गा रावत ने शानदार अभिनय किया। संगीत शुभम बिष्ट ने दिया।

# शिव के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** सुखरो देवी मंदिर में राज्य निर्माण आंदोलनकारी व समाज सेवी स्व. सुधा सती की स्मृति में शिवमहापुराण यज्ञ चौथे दिन भी जारी रहा। शिवमहापुराण कथा के मौके पर कीर्तन मंडलियों ने भगवान शंकर स्तुति का गुणगान कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। तत्पश्चात शिवमहापुराण कथा का वाचन करते हुए आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने भगवान शिव व सती की महिमा का गुणगान किया।

कहा कि वर्तमान में समाज में अंहकार सबसे बड़ा अभिशाप बनते जा रहा है। अंहकारी व्यक्ति न तो समाज के काम आता है और न ही वह देश का भला कर सकता है। उन्होंने कहा कि राजा दक्ष को भी अंहकार आ गया था। अपने अहंकार के कारण ही उन्होंने भगवान शंकर को यज्ञ में नहीं बुलाया।

हरिद्वार के कनखल में जब राजा दक्ष यज्ञ कर रहे थे, तो उन्होंने अंहकार वश भगवान शिव को यज्ञ में आमंत्रित नहीं किया। जबकि सभी देवी-देवदाताओं को यज्ञ में आने का न्यौता भेजा गया था। इस बात का पता जब माता सती को चला तो वह पति के आज्ञा का विरूद्ध अपने पिता के माध्यम से आयोजित यज्ञ में पहुंच गई। वह अपने पति के अपमान को सहन नहीं कर पाई। सती को इतना दुःख हुआ कि उन्होंने अग्नि कुंड में जलकर अपने शरीर को ही भस्म कर डाला। इस अवसर पर विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने भगवान शिव की स्तुतिकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर जनार्दन प्रसाद ध्यानी, निर्मला नैथानी, शंकर दत्त गौड़, वींरेंद्र गुसांई, जयदवे खत्री, सरोज रावत, बीना दानी मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित शिव महापुराण में कथा वाचन करते आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ।

# वोटर लिस्ट में नाम चढ़ाने को चलाया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : यमकेश्वर विधानसभा के अंतर्गत इंटर कॉलेज कांडाखाल में युवा वोटरों के वोटर लिस्ट में नाम अंकित कराने के लिए वोटर चेतना अभियान चलाया गया। 31 नव युवक-युवतियों को नए मतदाता बनाया गया। भाजपा के वोटर चेतना अभियान में बडेथ, कांडाखाल, विरमोली बूथों के अध्यक्ष व 18 वर्ष से अधिक आयु के नए वोटरों में 31 को अभियान से जोड़ा गया। अभियान में भाजपा के प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक ऋषि कंडवाल, पूर्व जिला महामंत्री विजय लखेड़ा, मंडल अध्यक्ष राजाराम डोबरियाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन कंडारी, ग्राम प्रधान नीरज कंडवाल व गणेश कंडवाल विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमप्रकाश कंडवाल, बीएलओ मनोज तोमर, सुमन देवी, विमलेश्वरी देवी के अलावा विद्यादा भट्ट, कांता प्रसाद कंडवाल आदि उपस्थित थे।



कांडाखाल में अभियान चलाते भाजपा कार्यकर्ता व अन्य

## पंचायत भवन की बदहाली पर भड़के लोग

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड देवप्रयाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत कफल्ड के पंचायत भवन की खस्ताहाल स्थिति से लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि पंचायत भवन जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है कई बार नए पंचायत भवन या उक्त भवन की मरम्मत कराए जाने की मांग कर दी गई है। बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिससे लोगों को बच्चों की सुरक्षा को चिंता सता रही है।

ग्राम प्रधान कफल्ड पार्वती देवी का कहना है कि इस पंचायत भवन में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होने के साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी इसी पंचायत भवन में संपन्न होते हैं। इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# पौड़ी पुलिस ने जीते 1 स्वर्ण समेत 9 पदक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : 31 वीं वाहिनी पीएसी, रुद्रपुर में आयोजित 22वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय, वाहिनी ताइक्वांडो, वुशु, जुडो, जिम्नास्टिक, कराटे क्लस्टर प्रतियोगिता में पुलिस जवानों ने उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुए 1 स्वर्ण, 4 रजत व 4 कांस्य पदक हासिल किए। एसएसपी श्वेता चौबे ने पुलिस जवानों के खेल की सराहना की।

31 वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में आयोजित 22वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय, वाहिनी ताइक्वांडो, वुशु, जुडो, जिम्नास्टिक, कराटे क्लस्टर प्रतियोगिता में पौड़ी पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण, 4 रजत व 4 कांस्य पदक हासिल किए। इस प्रतियोगिता में अपर उप निरीक्षक मौ. जावेद के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी लवीश कुंवर ने वुशु में स्वर्ण पदक, निपुण ने जुडो में रजत पदक, गुलरेज अली ने ताइकोन्डों में रजत व वुशु में कांस्य पदक, हिमांशु शर्मा ने वुशु में कांस्य पदक, मौ. अरशद ने वुशु में रजत एवं जुडो में कांस्य पदक, फायर मैन संजय सिंह ने वुशु में कांस्य पदक, सुरेंद्र ने वुशु में रजत पदक जीता।

## जागड़ा पर्व के लिए कर्मचारी समिति ने दी सात लाख की राशि

विकासनगर। दो वर्ष के प्रवास पर खत पशगांव के दसऊमें विराजमान छत्रधारी चालदा महाराज के तीन दिवसीय जागड़ा पर्व को लेकर रविवार को खत के ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में पर्व के दौरान की तैयारियों पर चर्चा गई। पशगांव के सदर स्याणा शूरवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में कर्मचारी संगठन ने भी अपने सुझाव रखे। कर्मचारी विकास समिति पशगांव की ओर से जागड़ा पर्व की तैयारियों के लिए सात लाख रूपए की राशि भी दी गई।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया मौन सत्याग्रह

श्रीनगर गढ़वाल : एनएसयूआई छात्र संगठन ने शुक्रवार को देहरादून में सचिवालय कूच के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में मौन सत्याग्रह किया। साथ ही सीयूईटी में पहाड़ के युवाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण देने की मांग भी की।

बिड़ला परिसर में मौन सत्याग्रह से पूर्व कार्यकर्ताओं ने कहा कि सीयूईटी के कारण केंद्रीय विवि में उत्तराखंड के छात्रों को प्रवेश मिलना मुश्किल हो गया है। कहा यदि विवि प्रशासन जल्द ही छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं देता है तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने सरकार के आदेश पर उनकी गिरफ्तारी की। कहा युवाओं की आवाज को दबाने के लिए सरकार इस तरह के हथकंडे अपना रही है। इस मौके पर सूरज नेगी, मोहित राणा, आकाश रतूड़ी, करणवीर फर्स्वाण, सोनी चौहान, साक्षी राणा, मयंक बहुगुणा, अमित प्रसाद भट्ट, दीपांशु पुरी, वीरेन नेगी, हिमांक, आकाश, अनुराग आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने निकाली आक्रोश रैली

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में सीयूईटी के माध्यम से होने वाले प्रवेश में उत्तराखंड के छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने, रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाने व पीजी कक्षाओं में 5 प्रतिशत कैंपस वेटेज दिए जाने की मांग को लेकर जय हो छात्र संगठन से जुड़े छात्रों ने श्रीनगर में आक्रोश रैली निकाली। विवि गेट से नगर के मुख्य मार्गों पर रैली के दौरान छात्रों ने विवि प्रशासन एवं शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ नारेबाजी की। रैली के दौरान गोला पार्क में आयोजित सभा में जय हो संगठन के जिलाध्यक्ष आयुष मिंया ने कहा कि सीयूईटी से उत्तराखंड के छात्रों के हित प्रभावित हो रहे हैं। कहा सीयूईटी के परीक्षा केंद्र अन्य राज्यों में होने से पहाड़ का छात्र इतनी दूर प्रवेश परीक्षा देने नहीं जा सका।

## रैली निकालकर दिया नेत्रदान का संदेश

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के नेत्र रोग विभाग के तत्वाधान में एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत नेत्रदान को लेकर मेडिकल कालेज परिसर से श्रीकोट बाजार व बेस चिकित्सालय परिसर तक जागरूकता रैली निकाली। रैली में नेत्रदान की जरूरत और दूसरों की जिंदगी में इसके फायदे के बारे में बताया गया।

शनिवार को आयोजित जागरूकता रैली के दौरान बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरएस बिष्ट ने कहा कि नेत्रदान से हम किसी के जीवन में उजाला ला सकते हैं। बेस अस्पताल में भी नेत्रदान के लिए लोग पंजीकरण के लिए आ सकते हैं।

नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एएन पांडेय ने कहा आगामी 8 सितम्बर तक चलने वाले नेत्रदान पखवाड़े के तहत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम चलाएं जाएंगे। इस मौके पर डॉ. श्वेता, डॉ. धर्मेद्र, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. अंजली, डॉ. अंकिता, डॉ. योगिता, डॉ. राजीव, डॉ. निकिता, डॉ. जिज्ञासा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# महिलाओं के अधिकारों की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में महिला समानता दिवस पर राजनीति विभाग की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी।

कार्यशाला का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर एमडी कुशवाहा द्वारा किया गया। उन्होंने छात्र–छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉक्टर अजीत सिंह द्वारा महिला उत्थान पर अपने विचार प्रकट किए गए। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ. संजीव कुमार के द्वारा महिला अधिकारों की बात की गई। कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. संत कुमार ने कहा कि महिला समानता दिवस एक ऐसा दिन है जिसको महिला सम्मान और महिलाओं के अधिकारों के लिए एक बड़ी विजय के रूप में देखा जाता है। कहा कि इस दिन 26 अगस्त को महिलाओं के समान अधिकारों की पैरवी करने वाले दिन के रूप में देखा जाता है महिला समानता दिवस में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भूमिका का निर्वाह किया।



आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर होगी प्रतियोगिताएं आयोजित

जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जनपदीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला क्रीडा अधिकारी जयबीर रावत ने बताया क़ि राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व बेला पर 28 अगस्त को बालक एवं बालिकाओं की जनपद स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। क्रॉस कंट्री दौड़ स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से प्रारम्भ होकर गोपेश्वर–घिघरांण मोटर मार्ग पर चिन्हित स्थलों तक एवं वापसी उसी रूट से होते हुए समापन स्पोर्ट् स्टेड़ियम गोपेश्वर में किया जायेगा। 28 एवं 29 अगस्त को बालक सीनियर वर्ग की हॉकी, बालक ओपन वर्ग की वालीबाल प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर एवं 29 एवं 30 अगस्त को पुरूष (एकल एवं युगल) एवं महिला वर्ग (एकल) की बैडमिन्टन प्रतियोगिता बैडमिन्टन हॉल गोपेश्वर में व 29 अगस्त को 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरूषों के लिए नीबू चम्मच दौड एवं 20 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य की महिलाओं के लिए रस्सी कूद का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में किया जाएगा। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे अपनी टीम की निशुल्क प्रविष्टि दिनांक 28 अगस्त को पूर्वाह्न 09.00 बजे तक स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में कराने की कृपा करें।

## पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर पुलिस द्वारा न्यायालय द्वारा जारी वाद व एनआई एक्ट में फरार चल रहे वारंटी नवीन पांडेय निवासी चौण्ड भरपूर जिला टिहरी गढ़वाल हाल निवासी नर्सरी रोड को गिरफ्तार किया। कोतवाली निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारण्ट (एनबीडब्ल्यू) की शत प्रतिशत तामील कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिए गए हैं। कहा इसी के तहत वारंटी को गिरफ्तार कर नियामानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। (एजेंसी)

# पोस्टर में वंदिता समूह एवं स्लोगन में स्वीटी समूह रहा अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा उद्यमिता का शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में उपयोग विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रमा मैखुरी ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में जिस तेज गति से परिवर्तन हो रहे हैं उसमें शिक्षा की अहम भूमिका है। उन्होंने शिक्षक के रूप में हम सभी को नई तकनीकी के साथ सशक्त होने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में वंदिता कंडपाल, वंदना, शुभम सिंह, रेनुका समूह ने प्रथम, मनीष कुमार, शीतल रावत, संजना, गौरव वर्मा समूह ने द्वितीय एवं प्रेणना, किरन, संदीप, हरिप्रकाश समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में स्वीटी, शालू, योगेश, नवीन के समूह ने प्रथम, जितेंद्र, मनदीप जुयाल, नवीन पंत, शुभम चंद्रा समूह ने द्वितीय एवं मोहित, दीक्षा बिष्ट, तनु गिरी, सृष्टि समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रो. सीमा धवन, प्रो. अनिल कुमार नौटियाल, प्रो. गीता खंडूडी, डा. रमेश राणा, डा. देवेंद्र सिंह, डा. शंकर सिंह, शिल्पी, नमिता, मोनिका आदि

# आपदा प्रभावित 22 परिवारों को बांटे 66 लाख

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : पैनगढ़ में आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुर्नवास हेतु प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। प्रभावित 22 परिवारों को प्रति परिवार तीन लाख की दर से 66 लाख की धनराशि बांट दी गई है।

तहसीलदार प्रदीप नेगी न बताया कि पैनगढ़ में पिछले साल भूस्खलन की घटना घटी थी। जिसमें जानमाल सहित परिसंपत्तियों का नुकसान हुआ था। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों के विस्थापन के लिए कार्रवाई की गई। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं विस्थापन हेतु आपदा मद से पहली किस्त के तौर पर तीन लाख के चेक प्रति परिवार को बांट दिए गए है। प्रभावित 23 परिवारों में से अब तक 22 परिवारों को पुनर्वास हेतु पहली किस्त दी गई हैं। एक प्रभावित परिवार जिले से बाहर है।



# गंगानगर में जलभराव पर निगम में हंगामा

ऋषिकेश। गंगानगर में 15 दिन बाद भी बरसाती पानी की निकासी नहीं होने पर लोगों ने हंगामा कर दिया। प्रभावित परिवार शनिवार को नगर निगम में प्रदर्शन करते हुए बाढ़ सुरक्षा की समीक्षा बैठक में पहुंच गए। उन्होंने जल निकासी और राहत कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मेयर और निगम के अधिकारियों के सामने ही उनके खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। जल निकासी के त्वरित इंतजामों का भरोसा मिलने के बाद प्रभावित घरों को लौटे। शनिवार को नगर निगम में बाढ़ सुरक्षा कार्यों की बैठक चल रह थी। इस दौरान मेयर और एसडीएम के साथ संबंधित महकमों के अधिकारी चर्चा कर रहे थे। इसी बीच गंगानगर में जलभराव से प्रभावित लोग पूर्व पालिका वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्यारेलाल जुगरान की अगुवाई में आ पहुंचे। उन्होंने सभागार के बाहर नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद वह सभागार के भीतर आ गए। नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रभावितों ने सभगार में ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। 15 दिन बाद भी आबादी से बरसाती पानी की निकासी नहीं होने पर प्रभावित सभागार में ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने अधिकारियों को जमकर खरी–खोटी सुनाई। बोले एक–दो पंप से महज एक घंटे पानी की निकासी की जा रही है। लोगों के घर अभी भी बरसाती पानी में डूबे हुए हैं। उन्हें रिश्तेदारों के यहां आसरा लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। डेंगू और संक्रमण फैलने का खतरा अलग से है। करीब एक घंटे तक चले धरना–प्रदर्शन में मेयर अनिता ममगाईं ने उन्हें त्वरित निकासी की व्यवस्था का भरोसा दिलाया। प्रभावितों को राहत सामग्री के साथ मुआवजा देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया,



# मेयर बोलीं— कुर्सी छोड़, प्रभावित इलाकों में डटें अधिकारी

ऋषिकेश। नगर क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए इंतजामों में लापरवाही पर मेयर अनिता ममगाईं शनिवार को पूरी तरह से बिफरी नजर आईं। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों की जमकर क्लास ली।

कहा, कि 15 दिन बाद भी जल निकासी न होना शर्मनाक स्थिति है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा कि वह 12 घंटे काम करें। कार्यालयों में कुर्सी छोड़कर प्रभावित इलाकों में डटें। हर हाल में निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नगर निगम में उन्होंने एसडीएम योगेश मेहरा और नगर आयुक्त राहुल गोयल के साथ संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों के हीलाहवाली भरे रवैये पर वह बेहद खफा दिखीं। पार्षदों की मौजूदगी में उन्होंने प्रभावित इलाकों का हाल अधिकारियों के सामने रखा। बरसाती पानी की निकासी के लिए संसाधनों की कमी पर भी वह उखड़ गई। कहा कि आपदा में प्रशासन के पास बजट की कोई कमी नहीं होती।

# नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

विकासनगर। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत न्याय पंचायत खाड़ी के ग्राम लोहारना में जनपद स्तरीय अधिकारी के तौर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने रात्रि विश्राम कर स्थानीय निवासियों की आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल स्त्रोतों की स्थिति, आवास, सड़क, शौचालय जैसी समस्याओं को सुनीं। ग्रामीणों ने मुख्य शिक्षाधिकारी प्रदीप रावत को बताया कि आजीविका का मुख्य स्त्रोत कृषि है, लेकिन जंगली पशु फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। स्थानीय उत्पादों को संरक्षित रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज भी व्यवस्था भी नहीं है। ग्रामीणों ने अस्पताल में नियमित चिकित्सक तैनात करने की मांग भी की। शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय लोहरना को राप्रा पिपया में क्लस्टर स्कूल बनाकर मर्ज करने पर ग्रामीणों ने सहमति जताई। गांव में 45से अधिक आयु वर्ग की किसी भी महिला द्वारा 8वीं से अधिक पढ़ाई नहीं किए जाने की बात सामने आई, जिसके लिए ग्रामीणों गांव में प्रौढ़ शिक्षा केंद्र संचालित किए जाने की मांग की। गांव की बालिकाओं ने खेल मैदान के निर्माण की मांग की, जिससे कि उन्हें मुख्यमंत्री उदीयमान योजना का लाभ मिलने और सुरक्षा बलों की भर्ती प्रक्रिया के लिए तैयारी करने का अवसर मिल सके। मुख्य शिक्षाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं को उचित माध्यम तक पहुंचाया जाएगा।

## धार्मिक स्थल के ध्वस्तीकरण की अपवाह पर स्थल की ओर उमड़े लोग

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश के बॉर्डर पर कुल्हाल ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत एक धार्मिक स्थल को तोड़े जाने की अफवाह वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि धार्मिक स्थल पर वन विभाग की ओर से सिर्फ अतिक्रमण हटाने का नोटिस चस्पा किया गया था। बावजूद इसके लोगों ने करीब तीन घंटे तक धार्मिक स्थल पर डेरा डाले रखा, जिसके बाद कालसी वन प्रभाग के मुख्यालय जाकर धार्मिक स्थल संबंधी दस्तावेज डीएफओ के सामने पेश किए। धार्मिक स्थल पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बताया कि वन विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटाए जाने की कवायद के दौरान इस पवित्र स्थल को भी ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि यहां पर सदियों से धार्मिक स्थल मौजूद बताया। बताया कि संयुक्त उत्तर प्रदेश के दौरान सरकार के दस्तावेजों में यह जमीन धार्मिक स्थल के तौर पर दर्ज है, जिसका स्वामित्व भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक संस्था के अधीन है। कहा कि वन विभाग को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने से पहले सभी दस्तावेजों की जांच करनी चाहिए, जिससे बेवजह किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। धार्मिक स्थल संबंधी दस्तावेजों को लेकर कालसी वन प्रभाग कार्यालय पहुंचे लोगों ने अधिकारियों के सामने सभी दस्तावेज पेश किए, जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार का राजपत्र भी शामिल था।

## भाजपा की रीड है युवा शक्तिः नलिन भट्ट

ऋषिकेश। राजकीय महाविद्यालय डोईवाला में भाजयुमो ने वोटर चेतना अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें वोटर कार्ड बनवाने के लिए 200 से अधिक छात्रों का पंजीकरण करवाया गया और उन्हें भाजपा की नीतियों से रूबरू कराया। शनिवार को डोईवाला स्थित महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की जिला प्रभारी नलिन भट्ट ने कहा कि वोटर चेतना अभियान प्रदेशभर में उत्साह के साथ चलाया जा रहा है। इसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को वोटर बनने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा 2008-09 में रा.उ.मा.वि. हनुमन्ती पौड़ी गढ़वाल से रोल नंबर 0064819 से उत्तीर्ण की। मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र कोटद्वार में कहीं खो गई है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहे है।

**वन्दना पुत्री जगतराम निवासी ग्राम माण्डई, पोस्ट हनुमन्ती, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


निविदा सूचना

[illegible]

| | |
|---|---|
| 1. [illegible] | [illegible] |
| 2. [illegible] | [illegible] |
| 3. [illegible] | [illegible] |
| 4. [illegible] | [illegible] |
| 5. [illegible] | [illegible] www.ireps.gov.in [illegible] |
| 6. [illegible] | [illegible] www.ireps.gov.in [illegible] |

[illegible] 2645/23

# एनसीपी में टूट नहीं वाले बयान पर घमासान क्यों, क्या शरद पवार की टिप्पणी से 'इंडिया' में टेंशन?

**नई दिल्ली , एजेंसी।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में चाचा–भतीजे की लड़ाई सुर्खियों में है। शरद पवार के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व में टूटकर एक गुट राज्य के सत्ताधारी एनडीए गठबंधन में शामिल हो गया। अब शरद गुट के नेताओं के हालिया बयान से राज्य की राजनीति को एक बार फिर गरमा दिया है।




दरअसल, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने पार्टी के अंदर हुई टूट को मानने से इनकार किया है और कहा कि कुछ लोगों ने अलग राजनीतिक रुख अपनाया है। आखिर शरद पवार ने क्या बयान दे दिया जिससे राजनीति हलचल तेज हो गई? क्या ऐसा बयान किसी और नेता ने दिया है? इस पर एमवीए का क्या रुख है? इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक का इस पर कोई प्रभाव पड़ेगा? चुनाव आयोग में एनसीपी का मामला कहां पहुंचा? आइये जानते हैं

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को एक बार फिर अपनी पार्टी में टूट से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि कुछ विधायक पार्टी छोड़कर चले गए हैं, लेकिन केवल विधायकों का मतलब पूरी राजनीतिक पार्टी नहीं है।

शरद पवार ने कोल्हापुर में कहा कि वह एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल इसकी राज्य इकाई के प्रमुख हैं। एनसीपी टूटी नहीं है। हालांकि यह सच है कि कुछ विधायक चले गए हैं, लेकिन विधायकों का मतलब राजनीतिक पार्टी नहीं है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह पार्टी के बागियों के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं, पवार ने कहा, 'बागियों के नाम लेकर उन्हें महत्व क्यों दिया जा रहा है?' इससे पहले शुक्रवार को जब पवार से उनकी बेटी और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले के बयान के बारे में पूछा गया कि एनसीपी टूटी नहीं है और अजित पवार उसके नेता बने रहेंगे, तो उन्होंने कहा, 'हां... इस बारे में कोई विवाद नहीं है।' लेकिन कुछ घंटे बाद पवार ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। आगे पवार ने कहा कि मैंने यह नहीं कहा कि अजित पवार हमारे नेता हैं। यह आपकी (मीडिया की) गलती है। यह सुप्रिया ने कहा था और यह अखबारों में भी छपा। उन्होंने जिस तरह का रुख अपनाया है, उसे देखते हुए वह हमारे नेता नहीं हैं।

सुप्रिया सुले के जिस बयान का शरद पवार जिक्र कर रहे हैं वो गुरुवार का है। एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने पुणे में कहा था कि पार्टी में कोई बंटवारा नहीं है और भाजपा केवल पार्टी के कुछ विधायकों को सत्तारूढ़ गठबंधन में लाने में कामयाब रही है। उन्होंने कहा, 'पार्टी बिल्कुल भी टूटी नहीं है, कुछ ने भाजपा के साथ जाने का अलग निर्णय लिया है। हमने कार्रवाई के लिए विधानसभा अध्यक्ष से शिकायत की है। एनसीपी में कोई फूट नहीं है। एनसीपी के प्रमुख शरद पवार हैं और राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल हैं। यही पार्टी की हकीकत और स्थिति है। एनसीपी का भाजपा के साथ किसी भी तरह का गठबंधन नहीं है।'

## एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने किए महाकाल के दर्शन

**उज्जैन ,(एजेंसी)।** फिल्म अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने मंगेतर सांसद राघव चड्ढा के साथ शनिवार को बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के नियमों का पालन करते हुए नंदी हॉल से भगवान का पूजन–अर्चन कर चांदी द्वार पर माथा टेक कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।

महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित यश गुरु ने बताया कि परिणीति चोपड़ा बाबा महाकाल की अनन्य भक्त है। 26 दिसंबर 2022 को भी वह बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुई थी। इसके बाद शादी के पहले वह राघव चड्ढा के साथ बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने 26 अगस्त को उज्जैन आई थीं। मंदिर के नियमानुसार राघव ने धोती–सोला, परिणीति ने साड़ी पहन रखी था। कपल ने 30 मिनट शांति पाठ पूजन किया। पूजन यश गुरु ने संपन्न कराया।

## वकील के रूप में हमें अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए : सीजेआई चंद्रचूड़

**बेंगलुरु ,(एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा, वकील के रूप में हमें भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होना सुनिश्चित करना चाहिए। बेंगलुरु में प्रतिष्ठित नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया (एनएसआईएलयू) यूनिवर्सिटी के 31वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि एक युवा कानून छात्र जो एक कानून कार्यालय में इंटर्नशिप करने गया था, उससे पूछा गया कि उसकी जाति क्या है, और जब उसने बताया तो उससे वापस नहीं आने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, इसने मुझे निराशा से भर दिया। वकील के रूप में, हमें भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होना सुनिश्चित करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि संवैधानिक मूल्यों का पालन किया जाए और इससे पता चलता है कि कुछ वकील संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखना तो दूर कानून का उल्लंघन कर रहे हैं।

## बंगाल के जलपाईगुड़ी में बाढ़ जैसे हालात, शहर में घुसने लगा नदी का पानी

**कोलकाता ,(एजेंसी)।** उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में मूसलाधार बारिश के बाद तीस्ता और करला नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शहर में घरों और अन्य जगहों में पानी भर गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 25 के अंतर्गत पारस मित्रा कॉलोनी के निचले इलाके हैं, जहां कई लोग विस्थापित हो गए हैं ।

## धोखाधड़ी मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, गोल्डन बाबा की 1.53 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने भुवनेश्वर के ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी के मालिक ज्योति रंजना बेउरा उर्फ गोल्डन बाबा द्वारा अपराध की आय के रूप में अर्जित 1.53 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने ओडिशा में व्यवसायियों को 5.50 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने में उनके द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबंध में गोल्डन बाबा के खिलाफ पीएमएलए जांच शुरू की।

इस संबंध में पहले उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू भुवनेश्वर द्वारा एफआईआर दर्ज की गई थी।

## आलोचना के बावजूद नेहरू ने अंतरिक्ष कार्यक्रम में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया : कांग्रेस

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आलोचना के बावजूद भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया था और देश में विज्ञान व प्रौद्योगिकी के विकास के लिए ढांचा तैयार किया। इसका लाभ देश को मिल रहा है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर कहा,इस बात को मान्यता नहीं दी गई है कि पहले दिन से ही नेहरू ने आत्मनिर्भरता पर जोर दिया था, जबकि दिल्ली में कुछ लोग अधिक अमेरिकी भागीदारी की वकालत कर रहे थे और कुछ अन्य सोवियत संघ के साथ घनिष्ठ सहयोग की बात कर रहे थे।

नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उपलब्धियों को याद करते हुए उन्होंने कहा, नेहरू पहले और बाद में इंदिरा गांधी अंतरिक्ष कार्यक्रम को भारतीय पेशेवरों द्वारा डिजाइन, निर्यंत्रित और निष्पादित किए जाने को लेकर वे स्पष्ट थे।

उन्होंने कहा, नेहरूवादी युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए नींव और विशाल बुनियादी ढांचे का निर्माण इस तीखी आलोचना के बावजूद किया गया कि एक अत्यंत गरीब देश होने के कारण भारत इस तरह के निवेश को बर्दाश्त नहीं कर सकता है।

उनकी टिप्पणी भारत के चंद्रयान–3 मिशन की सफलता और पाकिस्तान को इस उपलब्धि पर भारत और भारतीय वैज्ञानिकों को बधाई देने में दो दिन लगने के मद्देनजर आई है।

## शिवराज कैबिनेट का विस्तार, तीन नए मंत्री मंत्रिमंडल में शामिल

**भोपाल ,(एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए तीन मंत्रियों को शामिल किया, जिसमें गौरीशंकर बिसेन और राजेंद्र शुक्ल कैबिनेट मंत्री और राहुल सिंह लोधी राज्य मंत्री बनाए गए हैं।

राजभवन में आयोजित संक्षिप्त एवं गरिमामय समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने तीनों नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले क्षेत्रीय, जातीय और राजनैतिक संतुलन के उद्देश्य से नए मंत्रियों को शपथ दिलायी गई है।

## परिवर्तन यात्रा : पूनिया को नई जिम्मेदारी मिलने से राजस्थान बीजेपी के कुछ दिग्गज नाराज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जोर–शोर से तैयारी कर रही है, लेकिन इसकी राज्य इकाई में अंदरूनी कलह पार्टी को परेशान कर रही है। कई दिग्गज नेता शीर्ष नेतृत्व द्वारा पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपने से नाराज दिख रहे हैं।

जब पूनिया राजस्थान भाजपा प्रमुख थे, तब उनकी कार्यशैली की पार्टी के कुछ दिग्गज नेताओं ने कड़ी आलोचना की थी।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के चार प्रमुख धार्मिक स्थलों से चार 'परिवर्तन यात्राएं' निकालने जा रही भाजपा ने पूनिया को एक यात्रा का नेतृत्व सौंपा है। इससे राजस्थान से लेकर दिल्ली तक पार्टी के कुछ नेता नाराज हो गए हैं।

क्रमशः 2, 3, 4 और 5 सितंबर को शुरू होने वाली यात्राएं 25 सितंबर को जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक विशाल सार्वजनिक संबोधन में समाप्त होंगी।

चौथी यात्रा को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 5 सितंबर को हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी से हरी झंडी दिखाएंगे। पार्टी आलाकमान ने इस यात्रा के नेतृत्व की जिम्मेदारी अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूनिया को सौंपी है।

जो लोग पूनिया से खुश नहीं हैं, उनमें राजस्थान में पार्टी के कुछ दिग्गज नेता, कुछ वर्तमान और पूर्व केंद्रीय मंत्री और संवैधानिक पदों पर बैठे राजस्थान बीजेपी के एक दिग्गज नेता भी शामिल हैं।

कहा जा रहा है कि कई गुटों में बंटी राजस्थान बीजेपी में सभी गुटों के नेता उनसे नाराज हैं।

पूनिया ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खिलाफ मोर्चा खोला था।

वरिष्ठ नेताओं की बार–बार शिकायत के बाद मार्च में पार्टी आलाकमान ने पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया और लोकसभा सांसद सी.पी. जोशी को राजस्थान भाजपा का नया प्रमुख नियुक्त किया। हालांकि, बाद में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पूनिया को राज्य विधानसभा में विपक्ष का उपनेता बना दिया।

पहली परिवर्तन यात्रा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 सितंबर को सवाई माधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर से हरी झंडी दिखाएंगे। पहली यात्रा का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी राजे को दी गई है। इसी तरह, दूसरी यात्रा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 3 सितंबर को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम से हरी झंडी दिखाएंगे और इसका नेतृत्व प्रदेश भाजपा प्रमुख जोशी करेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 4 सितंबर को जैसलमेर के रामदेवरा से तीसरी यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसका नेतृत्व केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे।

## दलीलों में भारी–भरकम रूपरेखा से बचना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिकाओं में भारी सारांश से बचना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उपरोक्त टिप्पणी तब की, जब उसने पाया कि हाईकोर्ट आदेश में छह पृष्ठ थे, जबकि सारांश में 60 से अधिक पृष्ठ और 27 पृष्ठ विशेष अनुमति याचिका में थे।

कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। इससे पहले अगस्त में, सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक कार्यवाही में दायर याचिकाओं या लिखित प्रस्तुतियों के संबंध में पृष्ठ सीमा निर्धारित करने के लिए दिशानिर्देशों की मांग करने वाली एक जनहित याचिका का निपटारा कर दिया था।

सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा था, हम सभी मामलों में कैसे कह सकते हैं कि लिखित प्रस्तुतियों पर शब्द सीमा या पृष्ठ सीमा होनी चाहिए?

## सीमा–सचिन पर बन रही फिल्म 'कराची टू नोएडा' का विवाद पहुंचा हाईकोर्ट, मनसे से मिल रही धमकियां

**नोएडा ,(एजेंसी)।** सीमा हैदर की जिंदगी हो या उस पर बनने वाली फिल्म, दोनों ही हमेशा लाइमलाइट में रहती है। जानी फायरफॉक्स फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही 'कराची टू नोएडा' फिल्म का विवाद अब बंबई हाईकोर्ट पहुंच गया है।

दरअसल, पिछले कई दिनों से फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी आरोप लगा रहे थे कि उन्हें मनसे से लगातार धमकियां मिल रही हैं। उनका आरोप है कि मनसे के दबाव में आकर 24 अगस्त को फिल्म मेकर कंबाइन ने 'कराची टू नोएडा' और 'मॉबलिंचिंग' टाइटल को विवादित बताकर खारिज कर दिया। जानी ने आरोप लगाया है कि सबकुछ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के दबाव में हो रहा है। अमित जानी ने आरोप लगाया है कि वह इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य हैं। किसी भी सदस्य को दफ्तर आने–जाने की छूट है लेकिन, दो दिन पहले एसोसिएशन के सचिव अनिल नागर्थ ने कॉल करके मुंबई दफ्तार आने से मना किया और कहा कि आप आओगे तो मनसे हमारा ऑफिस तोड़ देगी। हम आपके टाइटल ऑनलाइन रजिस्टर्ड कर रहे हैं। अमित जानी ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन की प्रक्रिया में 17 अगस्त तक टाइटल देने के कमिटमेंट पर एसोसिएशन ने फीस ली थी। लेकिन, वह 24 अगस्त तक टालते रहे। अंत में मनसे के दबाव में 'कराची टू नोएडा' को कंट्रोवर्शियल कहकर रिजेक्ट कर दिया।

## 'खाना, उठना–बैठना, मिलना–जुलना.... मतलब कोई गलत काम है क्या?'

### कोर्ट में सीबीआई की दलील पर उखड़े तेजस्वी यादव

**बिहार, एजेंसी:** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में दी गई सीबीआई की उस दलील पर भड़क गए, जिसमें जांच एजेंसी ने लालू यादव के बैडमिंटन खेलने का जिक्र किया है। तेजस्वी यादव ने सीबीआई पर हमला बोलते हुए पूछा कि बीमार व्यक्ति कुछ कर नहीं सकता है क्या?



चारा घोटाला मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत दी है, जिसे सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि लालू यादव को उनकी खराब सेहत को लेकर जमानत दी गई है, जबकि वह बैडमिंटन खेलते नजर आए।

तेजस्वी यादव ने शनिवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीबीआई को घेरते हुए कहा, जब कोई व्यक्ति इलाज करवाकर आता है तो उसे कई चीजों से परहेज करना पड़ता है। लालू यादव अभी दवा खा रहे हैं और जीवन भर खानी पड़ेगी। उन्होंने कोई ठीक से बैडमिंटन नहीं खेला, बस एक दो शॉट खेले।

तेजस्वी यादव ने सीबीआई से पूछा कि जो व्यक्ति बीमार है, वह कुछ कर नहीं सकता है क्या? खाना, उठना–बैठना, मिलना–जुलना... मतलब कोई गलत काम है क्या?

बता दें कि सीबीआई ने शुक्रवार को चारा घोटाले में दोषी करार राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को जमानत दिए जाने पर सवाल उठाया। सीबीआई ने लालू की जमानत याचिका के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि जमानत पचास फीसद सजा काट लेने के आधार पर दी गई है, लेकिन एक मामले की सजा को दूसरे मामले में कैसे गिना जा सकता है?

सीबीआई ने कहा कि यह कानूनी सवाल इस मामले में शामिल है और कोर्ट को इस पर विचार करने की जरूरत है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर तक टालते हुए कहा कि शुक्रवार को मामले पर सुनवाई कर पाना संभव नहीं है।

## नूंह में बंद की गई इंटरनेट सेवा, 28 को फिर से निकाली जा रही बृजमंडल यात्रा

**नूंह ,(एजेंसी)।** हरियाणा के नूंह से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक बार फिर से इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। प्रशासन ने यहां 26 से 28 अगस्त की रात 12 बजे तक इंटरनेट सेवाओं को बंद किया है।

इस दौरान यहां मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवा दोनों ही बंद रहेंगी। विश्व हिंदू परिषद द्वारा 28 अगस्त को अपनी बृज मंडल जल अभिषेक यात्रा को आगे बढ़ाने की घोषणा की गई है।

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन के साथ संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते हुए 52 पाल के अध्यक्ष अरुण जैलदार ने कहा कि ब्रज मंडल धार्मिक यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा है, जो 31 जुलाई को हुए हिंसक हमलों के कारण अधूरी रह गई थी।

उन्होंने कहा कि अब 28 अगस्त को यह यात्रा मेवात के सर्व हिंदू समाज द्वारा निकाली जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विश्व हिंदू परिषद ने इस यात्रा को एक संगठित स्वरूप प्रदान किया था। वह अभी भी एक सहयोगी संस्था के रूप में हमारे साथ उपस्थित रहेगी।

हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जी–20 के महत्वपूर्ण आयोजन को देखते हुए, और मेवात में दंगाइयों पर पुलिस की सघन कार्रवाई को भी ध्यान में रखते हुए प्रशासन के साथ चर्चा करके इस धार्मिक यात्रा के आकार और इससे जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर फैसला किया जाएगा।वहीं, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन ने कहा कि इस बार की यात्रा का आयोजन मेवात के हिंदू समाज ने ही आग्रह पूर्वक करने का निश्चय किया है। इसलिए विश्व हिंदू परिषद मेवात से बाहर के हिंदू समाज को वहां न बुलाकर संपूर्ण प्रदेश के लिए एक कार्यक्रम की घोषणा कर रही है।

उन्होंने बताया कि उस दिन प्रदेश के हर प्रखंड में एक शिव मंदिर में दोपहर 11 बजे सामूहिक जलाभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और वहां का हिंदू समाज इस कार्यक्रम में भाग लेगा।पिछले महीने नूंह में बृजमंडल यात्रा के दौरान ही सांप्रदायिक झड़पें हुई थीं। सरकार ने सोमवार को आयोजित होने वाली यात्रा से पहले या इसके दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाए जाने की आशंका के चलते संबंधित आदेश जारी किया।

## दिल्ली एलजी वीके सक्सेना ने निर्माण श्रमिकों के लिए 17 कल्याणकारी योजनाओं को दी मंजूरी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना ने शनिवार को दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड (डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी) की 17 कल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी दे दी, जिसमें वितरण की निरंतर निगरानी और निगरानी के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

आधार अधिनियम, 2016 की धारा 7 के तहत अनुमोदित योजनाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि वास्तविक लाभार्थियों को आधार–आधारित प्रमाणीकरण के बाद सभी वित्तीय लाभ जैसे विकलांगता पेंशन, अनुग्रह भुगतान, चिकित्सा सहायता, मातृत्व लाभ, मृत्यु लाभ आदि केवल डीबीटी के माध्यम से दिए जाएं।एलजी कार्यालय ने कहा, उद्देश्य रिसाव को कम करना और लाभ के लक्षित वितरण को बढ़ावा देना है।

## 80 प्रेरणादायी भाषणों का समावेश किया

**भोपाल ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम दूसरे कार्यकाल के जून 2020 से मई 2021 और जून 2021 से मई 2022 तक की अवधि में उनके द्वारा दिए गए भाषणों और संबोधनों में से संकलित कर दो खण्डों में रचित पुस्तकों 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल एवं युवा मामले के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में लोकार्पण किया। इन पुस्तकों का प्रकाशन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा किया गया है।

अपने संबोधन में केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल एवं युवा मामले के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी भाषण प्रेरक रहे हैं। उनके हर भाषण में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनमें से पुस्तक की रचना के लिए भाषणों का चुनाव करना चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों के एक खंड में 86 प्रेरक और दूसरे खंड में 80 प्रेरणादायी भाषणों का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों में से महत्वपूर्ण विषयों पर उनके संबोधनों का संकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें स्टार्टअप इंडिया, सुशासन, नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति, आत्मनिर्भर भारत , जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जैसे विषयों पर माननीय प्रधानमंत्री के संबोधनों को समाहित किया गया है।

ठाकुर ने युवाओं और शोधकर्ताओं से अपील की कि वे इन पुस्तकों को अवश्य पढ़ें। इनमें बहुत कुछ जानने और सीखने के लिए मिलता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रमा के साउथ पोल पर भारत के विक्रम लैंडर का उतरना एक बड़ी उपलब्धि है और दुनिया में पहली बार ऐसा हुआ है। उन्होंने यूपीआई और भीम ऐप जैसे ऐप का जिक्र करते हुए, कहा कि डिजिटल पेमेंट की दुनिया में अब सर्वाधिक लेन–देन 46 प्रतिशत भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में 45 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं और डीबीटी सिस्टम से हितग्राहियों को राशि सीधे पहुंचती है। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत का युवा अब रोजगार देने वाला (जॉब गिवर) बन गया है। ठाकुर ने कहा कि भारत ने दुनिया की तुलना में सर्वाधिक एक लाख से अधिक स्टार्टअप्स भारत में हैं।

ठाकुर ने कहा कि दुनिया में सबसे सस्ता डेटा अब भारत में मिलने के साथ ही भारत ने अपनी 5जी तकनीक बना ली है और भविष्य में 6जी तकनीक बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि पहले मध्य प्रदेश बीमारू कहा जाता था, पर नई सरकार के आने के बाद से मध्य प्रदेश सबसे आगे के राज्यों में से एक बन गया है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं और केवल मध्य प्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई का सिलेबस हिंदी में तैयार किया गया है। ठाकुर ने बताया कि सीखो कमाओ योजना एक अनूठी योजना है और इसमें 86 हजार से ज्यादा पंजीयन अब तक किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स का सफल आयोजन किया था।

समारोह में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं से अपील की कि वे इन किताबों को अवश्य पढ़ें।

# 30 या 31 अगस्त, कब है रक्षाबंधन? जानिए सही तिथि और अन्य महत्वपूर्ण बातें



रक्षाबंधन भाई–बहन के विशेष बंधन का सम्मान करने वाला एक हिंदू त्योहार है।हालांकि, इस साल भद्रा काल के कारण रक्षाबंधन कब मनाया जाए, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।इसका कारण है कि गूगल रक्षाबंधन की तिथि 30 अगस्त दिखा रहा है, जबकि हर साल राखी सावन महीने के आखिरी दिन यानी पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है।अगर आप भी इसी कशमकश में हैं तो आइए आज हम आपको रक्षाबंधन की सही तिथि बताते हैं।

30 अगस्त की रात से शुरू होकर 31 अगस्त की सुबह तक है रक्षाबंधन

इस साल रक्षाबंधन 30 अगस्त (बुधवार) को है। राखी बांधने और रक्षाबंधन अनुष्ठान करने का शुभ मुहूर्त भद्रा समाप्ति समय के बाद रात 9:01 बजे से शुरू होगा।रक्षाबंधन भद्रा समाप्ति समय रात 9:01 बजे का है, जबकि रक्षाबंधन भद्रा मुख का समय शाम 6:31 बजे से रात 8:11 बजे तक है।इस बीच पूर्णिमा तिथि 30 अगस्त को सुबह 10:58 बजे शुरू होगी और 31 अगस्त को सुबह 7:05 बजे समाप्त होगी।

इस त्योहार से जुड़ा इतिहास

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार भगवान कृष्ण की उंगली गलती से सुदर्शन चक्र से कट गई थी। यह देखकर राजकुमारी द्रौपदी ने खून को रोकने के लिए उनकी उंगली पर कपड़े का टुकड़ा बांध दिया।भगवान कृष्ण उनके भाव से बहुत प्रभावित हुए और बदले में दुनिया की सभी बुराइयों से उनकी देखभाल करने का वादा किया। साथ ही समय–समय इस वादे को निभाया भी।तब से ही भाई–बहन के रिश्ते के सम्मान में रक्षाबंधन मनाया जाने लगा।

कैसे मनाया जाता है यह त्योहार?

यह त्योहार भारत के सभी हिस्सों विशेषकर उत्तर और पश्चिम में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके लंबे, समृद्ध और सुखी जीवन की कामना करती हैं। बदले में भाई अपनी बहनों को जीवनभर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं।इसके अतिरिक्त भाई अपनी बहनों को विशेष उपहार भी देते हैं।साथ ही इस अवसर पर घर में तरह–तरह के पकवान भी बनाए जाते हैं।

अगर भाई–बहन एक दूसरे से हैं दूर तो इन तरीकों से मनाएं त्योहार

अगर आपका भाई आपसे दूर है तो आप उसे पहले ही राखी भेज दें। अपने भाई के लिए एक सुंदर राखी खरीदें और उसके निवास स्थान पर घर भेज दें। आप चाहें तो अपने भाई के लिए पर्यावरण के अनुकूल राखी खुद से भी बना सकती हैं।इसके अलावा इस रक्षाबंधन के मौके पर अपने भाई–बहनों को किसी ऐसे उपहार से आश्चर्यचकित करें, जो उन्हें बेहद पसंद आएगा।साथ ही रक्षाबंधन वाले दिन एक–दूसरे को वीडियो कॉल करें।

# अनार खाएंगे तो नहीं होंगे बीमार, लेकिन फायदे के साथ जान लीजिए इसके नुकसान

अनार ऐसा फल है जिसे डॉक्टर को दूर रखने के लिए जाना जाता है. अनार सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है और इसे खाने से खून की कमी के साथ साथ कई सारी बीमारियां भी दूर ही रहती हैं. लाल रसीले बीजों वाला अनार ना केवल दिल के लिए अच्छा होता है बल्कि वजन घटाने में भी इसे काफी कारगर कहा जाता है. चलिए आज जानते हैं कि डाइट में अनार को शामिल करने पर क्या क्या फायदे होते हैं और साथ ही जानेंगे कि किस तरह अनार कई बार सेहत को नुकसान भी कर सकता है.

अनार खाने के फायदे

* अनार पोटैशियम से भरपूर होने के कारण दिल के लिए काफी अच्छा होता है. इसके सेवन से ब्लड वैसल्स में खून के थक्के या कोलेस्ट्रोल नहीं जमता और दिल के दौरे की संभावना कम होती है. इसके साथ साथ उच्च रक्तचाप में भी अनार का सेवन सही कहा जाता है. अनार के सेवन से डायबिटीज में भी राहत मिलती है.

* इम्यून सिस्टम यानी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने में अनार का कोई जवाब नहीं है. इसमें पाए जाने वाले एंटी ऑक्सिडेंट इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और बाहरी बीमारियों से लडऩे की ताकत देते हैं.

* मोटापा घटाने की बात की जाए तो अनार काफी फायदेमंद माना गया है. अनार में ढेर सारा डायटरी फाइबर पाया जाता है जिसकी बदौलत खाना सही से पचता है और देर तक भूख नहीं लगती. अनार खाने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और इसके साथ साथ अनार के पत्ते भी शरीर पर जमा एक्सट्रा फैट घटाने में कारगर माने जाते हैं.

* त्वचा और दांतों की सेहत के लिए अनार को काफी प्रभावी कहा गया है. इसमें पाया जाने वाला विटामिन सी त्वचा को सेहतमंद बनाने के साथ साथ चमकदार बनाता है. अनार के सेवन से समय से पहले झुर्रियां नहीं पड़तीं. अनार के बीजों के सेवन से मसूड़े संक्रमण से बचे रहते हैं और उनको मजबूती मिलती है.

अनार के संभावित नुकसान

अनार केवल फायदा ही नहीं करता, कई बार कुछ लोगों को अनार का सेवन करने पर नुकसान भी होता है. दरअसल अनार के ज्यादा सेवन से डायरिया हो सकता है. जिन लोगों को दस्त की समस्या है, उनको अनार का सेवन नहीं करना चाहिए. इसके अलावा जिन लोगों को स्किन एलर्जी होती है, उन्हें भी अनार का सेवन ना करने की सलाह दी जाती है. अनार के सेवन से ब्लड प्रेशर कम होता है. लेकिन जिनका ब्लड प्रेशर ज्यादा लो होता है, उनको अनार का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे बीपी ज्यादा लो हो सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि अनार का छिलका, जड़ या तना किसी भी हालत में नहीं खाना चाहिए.

# नए कानून क्या न्याय की गारंटी होंगे?

**इस तरह का प्रावधान करते समय मसौदा तैयार करने वाले जानकारों को दुनिया की बेस्ट प्रैक्टिस के बारे में जानकारी लेनी चाहिए थी। दुनिया में सबसे बेस्ट प्रैक्टिस स्कॉटलैंड में है, जहां बिना आरोप लगाए किसी भी व्यक्ति को सिर्फ छह घंटे तक पुलिस हिरासत में रखा जा सकता है। अगर छह घंटे की अवधि बहुत कम है तो इसे छह दिन किया जा सकता है लेकिन 90 दिन की पुलिस हिरासत का प्रावधान इस पूरी कवायद पर एक दाग है, जिसे हटाना सबसे जरूरी है। इसी तरह से एक कठोर प्रावधान हथकड़ी लगाने का है।**

**अजीत द्विवेदी**

भारतीय दंड संहिता की जगह अब भारतीय न्याय संहिता लागू की जाएगी। अपराध प्रक्रिया संहिता की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू होगी और साक्ष्य कानून की जगह भारतीय साक्ष्य कानून लागू होगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए मॉनसून सत्र में तीन विधेयक पेश किए और तीनों विधेयकों को गृह मामलों की संसदीय समिति के पास विचार के लिए भेज दिया गया है। संसदीय समिति को तीन महीने का समय दिया गया है। इसका मतलब है कि नवंबर में जब संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा तब तक संसदीय समिति की रिपोर्ट आ चुकी होगी और उसके हिसाब से सुझावों–संशोधनों को इसमें शामिल करके बिल को पास कराने के लिए संसद में रखा जा सकता है। अगर ये तीनों बिल पास हो जाते हैं, जिसकी पूरी संभावना है तो यह देश की न्यायिक व्यवस्था में एक नए दौर की शुरुआत होगी।

ध्यान रहे भारतीय दंड संहिता 1861 में लागू की गई थी, जिसे थोड़े बहुत बदलाव के साथ अभी तक जारी रखा गया है। अपराध प्रक्रिया संहिता को 1973 में लागू किया गया था और साक्ष्य कानून 1872 में अस्तित्व में आया था। इनमें समय समय पर बदलाव किया गया और देश, समाज की बदलती जरूरतों के हिसाब से इन्हें नया रूप देने की कोशिश की गई। लेकिन कभी भी इसे पूरी तरह से बदलने का प्रयास नहीं हुआ या मौजूदा समय की जरूरत के हिसाब से व्यापक बदलाव नहीं किया गया। इस लिहाज से कह सकते हैं कि सरकार का प्रयास गंभीर है, जरूरी है और व्यापक भी है। लंबे विचार विमर्श के बाद इन तीनों कानूनों में बदलाव का मसौदा बना है और उसे संसद में रखा गया है।

इन तीनों कानूनों में बदलाव के लिए पेश किए गए मसौदे पर कानूनी जानकारों ने बहुत बारीकी से विचार किया है और इसकी कमियों, खूबियों को उजागर किया है। हालांकि देश के अनेक जाने–माने कानूनी जानकार दलगत निष्ठा से बंधे हुए हैं या वैचारिक आधार पर मुख्तलिफ राय रखते हैं। इसलिए उनकी समीक्षा बुनियादी रूप से एकतरफा है। ऐसा नहीं है कि इन तीनों कानूनों में सब कुछ खराब है। इसमें कुछ अच्छी और जरूरी चीजें भी हैं लेकिन इसकी जो खामी है वह बहुत बड़ी है और उम्मीद करनी चाहिए कि संसदीय समिति उस पर गंभीरता से विचार करेगी और सरकार को उसे बदलने की सिफारिश करेगी। अपराध प्रक्रिया संहिता की जगह सरकार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का जो मसौदा लेकर आई है उसमें सबसे बड़ी खामी किसी नागरिक को बिना आरोप लगाए तीन महीने तक पुलिस हिरासत में रखने का प्रावधान है। इसे बदला जाना चाहिए।

मौजूदा अपराध प्रक्रिया संहिता में किसी भी नागरिक को बिना आरोप लगाए 60 दिन तक पुलिस हिरासत में रखा जा सकता है। तभी गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर पुलिस किसी आरोपी को अदालत में पेश करती है और अदालत उसे दो बार या तीन बार पुलिस हिरासत में भेजती है उसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाता है। नए कानून में प्रावधान है कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को 60 दिन तक हिरासत में रखा जा सकता है और फिर 90 दिन तक बढ़ाया जा सकता है। यह बहुत कठोर और बर्बर प्रावधान है। किसी भी व्यक्ति को बगैर न्यायिक अभिरक्षा के इतने लंबे समय तक अगर पुलिस की हिरासत में रखा जाता है तो यह उसके साथ बहुत बड़ी ज्यादती होगी। इतनी लंबी अवधि में उसके ऊपर दबाव बनाने और उससे जोर जबरदस्ती गुनाह कबूल कराने की संभावना रहेगी। पुलिस हिरासत की इतनी लंबी अवधि किसी को भी तोड़ सकती है। इसमें गुनाहगार और बेगुनाह दोनों के साथ ज्यादती की संभावना है।



इस तरह का प्रावधान करते समय मसौदा तैयार करने वाले जानकारों को दुनिया की बेस्ट प्रैक्टिस के बारे में जानकारी लेनी चाहिए थी। दुनिया में सबसे बेस्ट प्रैक्टिस स्कॉटलैंड में है, जहां बिना आरोप लगाए किसी भी व्यक्ति को सिर्फ छह घंटे तक पुलिस हिरासत में रखा जा सकता है। अगर छह घंटे की अवधि बहुत कम है तो इसे छह दिन किया जा सकता है लेकिन 90 दिन की पुलिस हिरासत का प्रावधान इस पूरी कवायद पर एक दाग है, जिसे हटाना सबसे जरूरी है। इसी तरह से एक कठोर प्रावधान हथकड़ी लगाने का है। भारत में इसका प्रावधान नहीं है लेकिन नए कानून में पुलिस को अपने विवेक से हथकड़ी लगाने का अधिकार दिया जाएगा। इसी तरह विशेष स्थितियों में रात में महिलाओं की गिरफ्तारी का अधिकार दिया जा रहा है और किसी भी गिरफ्तारी के समय हर तरह के उपायों का इस्तेमाल करने का अधिकार भी पुलिस को दिया जा रहा है। अगर यह कानून बनता है तो गिरफ्तारी के समय हिंसा और यहां तक की इनकाउंटर तक को वैधता मिल जाएगी।

भारतीय न्याय संहिता में सरकार ने देशद्रोह की धारा हटा दी है लेकिन राज्य के प्रति अपराध को शामिल कर लिया है, जो पहले वाले कानून से ही मिलता जुलता है। राज्य के खिलाफ बोलने या किसी भी माध्यम से की जाने वाली अभिव्यक्ति या वित्तीय लेन–देन को लेकर यह कानून लागू किया जा सकता है। इसमें सात साल से उम्रकैद तक की सजा है। इसलिए कुछ ज्यादा बदलाव होते नहीं दिख रहे हैं, बल्कि पुलिस को पहले के मुकाबले स्वविवेक से ज्यादा फैसले करने का अधिकार दिया जा रहा है। इसके अलावा वकीलों से लेकर आम लोगों तक के लिए एक मुश्किल कानून की धाराओं के नंबर बदले जाने से होगी। नए कानून में हत्या के लिए 302 की जगह धारा 101 लगेगी और धोखाधड़ी के लिए धारा 420 की जगह 316 होगी। पिछले 163 साल में लोगों की जुबान पर ये धाराएं हैं। पुराने मामलों में मुकदमे इन्हीं धाराओं में चल रहे हैं और दस्तावेजों में पुरानी धाराएं ही लिखी हुई हैं। सो, एक ही अपराध के लिए दो–दो धाराएं कानूनी प्रक्रिया में इस्तेमाल होंगी, इससे कंफ्यूजन बनेगा। बहरहाल, इस कानून में कुछ अच्छे प्रावधान हैं, जैसे इसमें कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ शिकायत मिलने से लेकर जांच और अदालत में सुनवाई तक का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रखा जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि सभी पक्षों के लिए सारी जानकारी को एक्सेस करना बहुत आसान हो जाएगा। इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा और बहुत आसानी से एक्सेस किया जा सकेगा। एक दूसरा प्रावधान यह है कि पुलिस किसी व्यक्ति के यहां छापा मारती है या उसे गिरफ्तार करने जाती है तो पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। इससे गिरफ्तारी या छापे के समय होने वाली ज्यादतियों में कमी आएगी और किसी को गलत तरीके से फंसाने के लिए सबूत प्लांट करने की घटनाएं बंद होंगी या कम होंगी। तीनों नए कानूनों में ढेर सारे प्रावधान हैं, जिन पर बारीकी से विचार करने की जरूरत है। लेकिन इन कानूनों पर विचार के बीच एक बड़ा सवाल यह भी है कि सिर्फ कानून बदलने से क्या होगा? कानून को लागू करने वाला सिस्टम जब वही है तो कानून या उसकी धाराओं में बदलाव कर देने से क्या बदलेगा? देश का पुलिस सिस्टम नहीं बदला जा रहा है। दुनिया के विकसित देशों में लॉ एंड ऑर्डर, इन्वेस्टिगेशन और प्रॉसीक्यूशन के लिए अलग अलग पुलिस होती है। भारत में एक ही पुलिस सारे काम करती है। अगर पुलिस सिस्टम को नहीं बदला जाता है, पुलिस का बेहतर प्रशिक्षण नहीं होता है तब तक कानून बदलने का कोई खास फायदा नहीं होगा। न्यायिक व्यवस्था भी पहले वाली ही रहनी है। बुनियादी ढांचे की कमी की वजह से नीचे से लेकर ऊपर तक जजों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है, जिसका नतीजा यह है कि मुकदमों का अंबार और बढ़ता जा रहा है।

# प्रिगोजिन की मौत, पुतिन का बदला?

श्रुति व्यास

यह तो होना ही था। रूस की प्राईवेट आर्मी के प्रमुख येवगेनी प्रिगोजिन की मौत का फरमान उसी दिन जारी हो हो गया था जिस दिन उन्होंने व्लादिमिर पुतिन के खिलाफ नाकाम बगावत की थी। रूसी बदला लेने के लिए जाने जाते हैं और पुतिन का ट्रेक रिकार्ड है वे किसी को नहीं बख्श्ते, अपनों को भी नहीं। व्लादिमिर पुतिन के दौर में तो किसी का बचना मुमकिन ही नहीं है। प्रिगोजिन ने न केवल पुतिन की पीठ में छुरा भोंका था बल्कि उनकी बगावत से पुतिन की सत्ता, जिसे स्थिर माना जाता था, की कमजोरियां भी सामने आ गईं थीं। पुतिन की सर्वोच्चता की कलई खुल गई थी। गद्दार कभी दुबारा पुतिन का भरोसा हासिल नहीं कर पाते और वे अपने विरोधियों को दो श्रेणियों में बांटने के लिए जाने जाते हैं झ्र दुश्मन और गद्दार।

प्रिगोजिन की बगावत ने उन्हें निश्चित ही उन्हें दूसरी श्रेणी में रख दिया था। कई लोगों को तब बहुत आश्चर्य हुआ था जब पुतिन ने टेलिविजन पर देश को संबोधित करते हुए प्रिगोजिन को बेलारूस के अलेक्जेन्डर लुकासेन्को से सौदेबाजी करने और रूस से बाहर जाने की इजाजत दे दी थी। लेकिन प्रिगोजिन लंबे समय तक जीवित रह पाएंगे, इसमें गंभीर संदेह था। सीआईए के डायरेक्टर विलियम बर्न्स का कहना है कि "बदला एक ऐसा व्यंजन है जिसे पुतिन ठंडा परोसा जाना पसंद करते हैं।"

और बगावत के ठीक दो महीने बाद, 23 अगस्त को पुतिन ने बदला लिया। कम से कम लगता तो यही है। प्रिगोजिन का हवाईजहाज़ झ्र जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाया हुआ है झ्र करीब 30,000 फीट की ऊँचाई पर उड़ रहा था। वह अचानक तेजी से नीचे गिरने लगा और ज़मीन पर गिर पड़ा। विमान में सवार सभी दस लोग मारे गए। रूस की एविएशन एजेंसी और सरकारी मीडिया के अनुसार इनमें प्रिगोजिन भी थे। प्रिगोजिन के वेगनर ग्रुप के प्रमुह सिपहसलार दिमित्री उत्किन, जिन्होंने जून में मास्को के लिए कूच करने वाले फौजी दस्ते का नेतृत्व किया था, का नाम भी यात्रियों की सूची में था। अभी तक पक्के तौर पर यह पता नहीं चला है कि इस विमान दुर्घटना की वजह क्या थी? चश्मदीदों ने जेट के गिरने से पहले विस्फोट की आवाज सुनने की बात कही है, जिससे ऐसा लगता है कि एयर डिफेन्स फोर्सेज ने जहाज़ को मार गिराया।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय मानता है कि निश्चित ही यह पुतिन के हुक्म पर किया गया होगा। अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ़ शब्दों में कहा कि "क्या हुआ इसकी सटीक जानकारी मुझे नहीं है लेकिन जो हुआ उस पर मुझे कोई आश्चर्य नहीं है। रूस में पुतिन की मर्जी के बिना ज्यादा कुछ नहीं होता।

लेकिन मुझे इतनी जानकारी नहीं है कि मैं इसका सही–सही जवाब दे सकूं।" यूक्रेन के राष्ट्रपति के सहायक मायखायलो पोडोलयाक ने कहा कि विमान का गिरना पुतिन का 2024 के चुनाव के पहले रूस के कुलीन वर्ग के लिए एक कड़ा संदेश है। समझ लोः वफादार न होने का मतलब है मौत। ज्यादातर विशेषज्ञों, विश्लेषकों, पत्रकारों और रूसियों को यह बात सही लगती है।



**सेंट पीटर्सबर्ग में एक अन्य अधिकारी का शव एक स्विमिंग पूल में तैरता हुआ मिला। कुछ अन्य लोग मास्को, भारत, फ्रेंच रिवेरा और वाशिंगटन डीसी में खिडक़ी से गिर गए या सीढ़ी से लुढक़ गए। प्रिगोजिन की हत्या झ्र जो एक हाईप्रोफाइल कत्ल है झ्र से सभी को यह साफ और जोरदार संदेश दिया गया है किरूस में कोई भी पुतिन से पंगा नहीं ले सकता।**

**प्रिगोजिन की बगावत, उनकी हत्या, अन्य कुलीनों के क़त्ल, एक युद्ध जिसमें वे हार की ओर बढ़ रहे हैं और एक भयभीत पुतिन झ्र यह सब इस ओर इशारा करता है कि रूस कमजोर होता जा रहा है। हमले के बाद से रूस में एकता नहीं हैं, वहां की जनता और वहां का कुलीन वर्ग दोनों में से कोई भी युद्ध और पुतिन जिस रास्ते पर चल रहे हैं, उसे लेकर एकमत नहीं है। क्रेमलिन में भी मतभेद हैं जो बढ़ते जा रहे हैं और रूसी नेतृत्व की विभिन्न शाखाओं में समन्वय भी नहीं है।**

यूक्रेन पर हमले के बाद से रूसियों के मन में भी पुतिन की छवि 'एंटी हीरो' की हो गई है। खासकर कुलीन वर्ग उनसे काफी नाराज है क्योंकि रूस पर लगे प्रतिबंधों का उनके व्यापार और उनकी हैसियत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। और प्रिगोश्चद्धन के पहले भी कई रूसी कुलीन व्यापारी, जो जाने–माने नहीं थे, मारे गए हैं। पिछले डेढ़ साल में गैस–उद्योग से जुड़े दो अधिकारियों की लाश सुसाइड नोट के साथ मिल चुकी है। तीन रूसी अधिकारी अपनी पत्नियों और संतानों के साथ मृत पाए गए, जो शायद हत्या–आत्महत्या के मामले थे। सूची स्थित एक रिसोर्ट के मालिक की लाश एक खड़ी चट्टान के निचले सिरे पर मिली। सेंट पीटर्सबर्ग में एक अन्य अधिकारी का शव एक स्विमिंग पूल में तैरता हुआ मिला। कुछ अन्य लोग मास्को, भारत, फ्रेंच रिवेरा और वाशिंगटन डीसी में खिडक़ी से गिर गए या सीढ़ी से लुढक़ गए। प्रिगोजिन की हत्या झ्र जो एक हाईप्रोफाइल कत्ल है झ्र से सभी को यह साफ और जोरदार संदेश दिया गया है कि रूस में कोई भी पुतिन से पंगा नहीं ले सकता।

प्रिगोजिन की बगावत, उनकी हत्या, अन्य कुलीनों के क़त्ल, एक युद्ध जिसमें वे हार की ओर बढ़ रहे हैं और एक भयभीत पुतिन झ्र यह सब इस ओर इशारा करता है कि रूस कमजोर होता जा रहा है। हमले के बाद से रूस में एकता नहीं हैं, वहां की जनता और वहां का कुलीन वर्ग दोनों में से कोई भी युद्ध और पुतिन जिस रास्ते पर चल रहे हैं, उसे लेकर एकमत नहीं है। क्रेमलिन में भी मतभेद हैं जो बढ़ते जा रहे हैं और रूसी नेतृत्व की विभिन्न शाखाओं में समन्वय भी नहीं है। वेगनर से जुड़े एक समूह ग्रे जोन ने टेलीग्राम पर धमकी दी है कि "इस हत्या के नतीजे गंभीर होंगे और जिन लोगों ने इसका हुक्म दिया है वे सेना के मूड और उसके मनोबल को बिलकुल नहीं समझते हैं।"

जहां तक व्लादिमिर पुतिन का सवाल है, हो सकता है आज उन्होंने अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया हो। वे स्ट्रोंगमैन बने हुए हैं। लेकिन प्रिगोजिन की हत्या से और खुलासे होंगे और रूस में पीठ में छुरा भोंकने, हत्याओं और हमलों में और इज़ाफा होगा।

००

# क्या तोडक़र नही खानी चाहिए दवाईयां, जाने क्या कहते है एक्सपर्ट

बीमार होने पर डॉक्टर हमें दवाईयां देते हैं. कुछ लोग उन दवाईयों को तोडक़र खाते हैं. आधी गोली खाना वे सही मानते हैं. शायद आप भी ऐसा ही करते हों. लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना चाहिए या नहीं. आधी दवा (रूद्गस्त्रद्बष्द्बठ्ठद्ग) खाना फायदेमंद या नुकसानदायक होता है. अगर नहीं तो चलिए इस आर्टिकल में आज हम आपको बताते हैं कि दवाइयां तोडक़र खाना सेहत के लिए कितना सही है...

क्या दवा तोडक़र खा सकते हैं

अगर आप किसी दवा को तोडक़र खाते हैं तो ऐसा करने से पहले उस दवा पर लिखे निर्देशों को पढ़ लें. कई बार दवा पर यह लिखा होता है कि उसे तोडक़र खा सकते हैं या नहीं. अगर दवा के पीछे निर्देश में यह नहीं लिखा है तो आप डॉक्टर या मेडिकल शॉप से इसके बारें में पूछ सकते हैं. हालांकि, पिल्स या कैप्सूल गलती से भी तोडक़र नहीं खाना चाहिए. क्योंकि इससे उसके अंदर का पाउडर और डोज कम हो सकता है.

किन दवाओं को नहीं तोडऩा चाहिए

कुछ गोलियों के पीछे शॉर्ट फॉर्म में ह्यह्न (सस्टेन रिलीज), ष्ह्न (कंट्रोल रिलीज) और &ह्न (एक्सटेंड रिलीज) लिखा होता है.ऐसी दवाईयों को डॉक्टर सीधे निगलने की सलाह देते हैं. इसका साफ मतलब है कि इन दवाओं को न तो तोडक़र, ना ही चबाकर खाना चाहिए. इस तरह के टैबलेट्स शरीर में जाकर धीरे धीरे घुलती है. जिसका असर देर तक रहता है.किन दवाईयों को तोडक़र खा सकते हैं.

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सभी टैबलेट्स तोडक़र नहीं खा सकते हैं. कुछ गोलियों के बीच में एक लाइन बनी होती है. उन टैबलेट्स को तोडक़र खा सकते हैं. इस लाइन की पहचान ही होती है कि इसे आप तोडक़र खा सकते हैं. ऐसे टैबलेट्स को स्कोर टैबलेट कहते हैं. अगर आपको 500 एमजी की दवा खानी है और बाजार में 1,000 एमजी की दवा मिल रही है. अगर उस पर लकीर बनी हुई है तो आप तोडक़र खा सकते हैं.

००



# रूद्रप्रयाग जिले की 22 सड़के बंद, लोग परेशान

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद में हो रही बारिश के कारण जनपद में 22 सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिन्हें यातायात हेतु सुचारू करने की कार्यवाही गतिमान है। अवरुद्ध सड़क मार्ग में 08 सड़कें लोक निर्माण विभाग रुद्रप्रयाग, 07 सड़कें लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ, 05 सड़कें पीएमजीएसवाई रुद्रप्रयाग तथा पीएमजीएसवाई जखोली की 02 सड़कें अवरुद्ध है। सड़कों को खोलने के लिए संबंधित निर्माणदायी संस्थाओं द्वारा प्रयास किया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि जो सड़क मार्ग भारी बारिश के कारण अवरुद्ध हैं, उनमें नगरासू-डांडाखाल-धनपुर मोटर मार्ग किमी 01 में मार्ग का 20 मीटर भाग पूर्णतया वासआउट हो गया है, जिस कारण मार्ग यातायात हेतु पूर्णतया बंद हो गया है। मार्ग के 30 अगस्त तक खुलने की संभावना है। छेनागाड़-बक्सीर मोटर मार्ग के किमी 01, 03, 05 व 11 में



दीवार क्षतिग्रस्त, भू–धंसाव व मार्ग वासआउट होने से यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है जिसके 30 अगस्त तक खुलने की संभावना है। खिर्सू-खेड़ाखाल कांडई खांकरा मोटर मार्ग के किमी. 20 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है तथा मार्ग के 30 अगस्त तक खुलने की संभावना है। रतनपुर बैंड से अंदरिया खेड़ा घेंघड़खाल मोटर मार्ग के किमी 04 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है, जिसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है। विजयनगर-तैला मोटर मार्ग के किमी. 01 में मलवा बोल्डर एवं दीवार क्षतिग्रस्त होने से मार्ग यातायात हेतु पूर्णतया अवरुद्ध हो गया है जिसके 30 अगस्त तक खुलने की संभावना है। कोट-रणधार बधाणीताल मोटर मार्ग के किमी. 18 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है जिसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है। मयाली-गुप्तकाशी मोटर मार्ग किमी. 09 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है, जिसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है। रुद्रप्रयाग-चोपड़ा–दशज्यूला उडामांडा मोटर मार्ग के किमी. 18 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात हेतु अवरुद्ध है जिसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

## वीरेंद्र नौटियाल बने यूकेडी के ऋषिकेश महानगर अध्यक्ष

ऋषिकेश। आगामी निकाय चुनाव को लेकर यूकेडी ने तैयारियां शुरू कर दी है। शनिवार को यूकेडी ने वीरेंद्र दत्त नौटियाल को ऋषिकेश महानगर अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी सौंपी। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार मार्ग स्थित एक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें केंद्रीय महामंत्री एवं ऋषिकेश विधानसभा प्रभारी मोहन सिंह असवाल ने पूर्व सैनिक वीरेंद्र दत्त नौटियाल को ऋषिकेश महानगर का अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही ऋषिकेश सहित पूरे प्रदेश में निकाय चुनाव होने हैं। ऐसे में पार्टी द्वारा संगठन का विस्तार किया जा रहा है।

कहा कि वीरेंद्र दत्त नौटियाल पूर्व सैनिक हैं। वे आर्मी में सूबेदार पद से रिटायर हुए हैं। क्षेत्र में पार्टी की कमान एक सैनिक के हाथ में रहेगी तो संगठन को मजबूती मिलेगी।

# सीएम धाम ने प्रभावित कृषकों को मुआवजा धनराशि के चेक बाँटे

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में व्यासी जल विद्युत परियोजना की 220 केवी लाईन निर्माण के दौरान पछवादून के विन्हर क्षेत्र, जाखन के प्रभावित कृषकों के क्षतिपूर्ति भूमि मुआवजे की धनराशि संबंधित किसानों को वितरित किये। मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर 17 किसानों को भूमि एवं वृक्षों के मुआवजे के रूप में कुल 11 लाख 88 हजार 70 रूपये के चेक प्रदान किये गये। मुआवजा प्राप्त करने वाले सभी किसानों ने उन्हें समय पर मुआवजा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 16 अगस्त को अतिवृष्टि और भूस्खलन की वजह से जान–माल के नुकसान से बचने के लिए प्रशासन द्वारा शीघ्र व्यवस्था की गई और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। इसके लिए भी उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



प्रबंध निदेशक पिटकुल श्री पी.सी. ध्यानी ने बताया कि 16 अगस्त 2023 को विन्हर क्षेत्र, जाखन में अतिवृष्टि कारण हुए भूस्खलन से परियोजना की पारेषण लाईन के एक टावर के क्षतिग्रस्त होने तथा एक अन्य टावर की फाउंडेशन के पास अत्याधिक भूमि कटान से खतरा उत्पन्न होने की सूचना पर मुख्यमंत्री से प्राप्त प्रेरणा व मार्गदर्शन के फलस्वरूप तत्काल अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर टावर पर एंकरिंग कर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाते हुए झुके हुए टावर के एक सर्किट से विद्युत उत्पादन की निकासी बहाल करायी गयी।

# कर्मचारियों ने उठाई सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो की मांग

देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी महासंघ ने राज्य में सार्वजनिक निगमों, उपक्रमों और स्वायतशासी संस्थाओं के लिए सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो का गठन किए जाने की मांग की है। महासंघ ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। महासंघ ने कहा है कि राज्य में सार्वजनिक निगमों, उपक्रमों और स्वायतशासी संस्थाओं के कार्य कलापों की प्रभावी निगरानी और कार्मिकों के अधिष्ठान से जुड़े विषयों के समाधान के लिए राज्य में सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो का गठन किया जाए। महासंघ ने कहा है कि अटल आयुष्मान योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड की व्यवस्था का आदेश होने के बाद भी अब तक कर्मचारियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही राज्य कर्मचारियों के पक्ष में निर्गत होने वाले शासनादेश निगमों, निकायों, जिला पंचायतों और प्राधिकरणों में भी समान तिथि से ही लागू कर एकरूपता लाई जाए। अध्यक्ष सूर्य प्रकाश राणाकोटी ने कहा कि राज्य, निगम कर्मचारी के लिए लागू एसीपी की पूर्व व्यवस्था 10, 16, 26 को लागू किया जाए। साथ ही उत्तराखंड वन विकास निगम और उत्तराखंड परिवहन निगम में कार्यरत कार्मिकों से वर्ष 2014–15 से वर्ष 2016–17 के बीच के लिए होने वाली वसूली पर रोक लगाई जाए। महामंत्री ललित शर्मा ने कहा कि परिवहन निगम, जीएमवीएन, केएमवीएन, बहुउद्देशीय वित विकास निगम, अल्पसंख्यक कल्याण निगम में 7वें वेतनमान के क्रम में बढ़े हुए मकान किराया भत्ता मूल वेतन के सापेक्ष अब तक लागू नहीं हो पाया है। इस पर तत्काल अमल किया जाए। महासंघ ने विकास प्राधिकरणों में उत्तरप्रदेश की तर्ज पर पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई है। ज्ञापन में अध्यक्ष सूर्यप्रकाश रणाकोटी, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश चन्द्र नेगी, महामंत्री ललित शर्मा के हस्ताक्षर शामिल हैं।

## वीरेंद्र सिंह बने पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन अध्यक्ष

देहरादून। वीरेंद्र सिंह को एमकेपी इंटर कालेज अभिभावक अध्यापक एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। जबकि प्रिंसिपल डा. सीमा रस्तोगी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार को कालेज में आम सभा के साथ एसोसिएशन के चुनाव भी हुए। आम सभा में शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान पर भी मंथन हुआ। इसके साथ ही निबंध, वाद विवाद, मेहंदी सहित कई प्रतियोगिताएं भी हुई। जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान सुषमा गोयल अर्चना पंत,रीना अग्रवाल, गीता वर्मा, किरण सिंह, विनीता खरकवाल ,पवन रेखा, सुमन ,नारायणी, निमिषा, मंजू बलोदी व लीना पंवार सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज महासंघ ने दिया ज्ञापन

देहरादून। बैरागी कैंप स्तिथ श्री उमा माहेश्वरी आश्रम के महंत स्वामी पूर्णागिरी महाराज द्वारा ब्राह्मणों के प्रति घोर अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज ब्राह्मण समाज महासंघ द्वारा जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया तथा उक्त महाराज के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उनकी प्रतिनिधि शालिनी नेगी, एस डी एम सदर को सौंपा। ज्ञापन में अभद्र टिप्पणी करने वाले महंत पूर्णगीरी महाराज के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई। महासंघ ने सनातन समाज से अपील की है कि उक्त महाराज का सामाजिक बहिष्कार किया जाए। इस संबंध में नगर के एक और संस्था



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, उत्तराखंड द्वारा भी एक ज्ञापन एस डी एम सदर को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद मेहता, महामंत्री शशि शर्मा, उपाध्यक्ष थानेश्वर उपाध्याय, संगठन मंत्री मनमोहन शर्मा, पीयूष गौड, राजेश मोहन, आर सी रतूड़ी, कैलाश डोभाल, एन डी बहुगुणा आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाएंगेः वाम मोर्चा

देहरादून। वाममोर्चा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम),भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की संयुक्त बैठक शनिवार को समर भंडारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वक्ताओं ने कहा कि वाम मोर्चा के द्वारा साम्प्रदायिक और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। बैठक में बागेश्वर उप चुनाव को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने इस दौरान धर्म निरपेक्ष जनतान्त्रिक प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए साम्प्रदायिक तनाव फैलाकर आपसी सदभाव बिगाड़ने का आरोप लगाया। बागेश्वर में बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार व अन्य बेरोजगार संघ के लोगों की गिरफ्तारी की निंदा की। इसके बाद आपदा में मारे के लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान सीपीआई के राज्य सचिव जगदीश कुड़ियाल, सीपीएम के राज्य सचिव राजेन्द्र सिंह नेगी, सीपीआई माले के सचिव इन्द्रेश मैखुरी, राजेन्द्र पुरोहित, कैलाश पांडेय, अशोक शर्मा, अनन्त आकाश आदि ने अपने विचार रखे।

### काशीपुर में गोर्खाली युवक की हत्या की सीबीआई जांच की मांग

देहरादून। अखिल भारतीय राष्ट्रीय गोर्खा मोर्चा पार्टी ने काशीपुर उधमसिंहनगर में पांच अगस्त को 36 वर्षीय प्रदीप थापा की हत्या की सीबीआई जांच की मांग की है। लैंसडाउन चौक स्थित उज्वल रेस्टोरेंट में हुई प्रेसवार्ता में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेबी कार्की ने कहा कि रात्रि के समय प्रदीप थापा की हत्या कर शव को गड्ढे में फेंक दिया गया। उसकी लाश को ठिकाने लगाते हुए एक स्थानीय व्यक्ति ने देखा। तो हत्यारोपी ने उसे भी धमकाया।

उसी ने प्रदीप थापा के भाई को घटना की जानकारी दी। भाई ने प्रतापपुर पुलिस थाने में सूचना दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देश एवं प्रदेश वासियों के सुख–समृद्धि की कामना की



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे ''स्वर्ण मंदिर'' में सपरिवार मत्था टेक कर देश एवं प्रदेश वासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने लंगर भी छका। गुरुद्वारे पहुंचने पर गुरुद्वारा कमेटी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

## प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा में नवाचार से रूबरू होते हैं शिक्षक

विकासनगर। राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का मुख्य शिक्षाधिकारी ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंन कालसी के प्रशिक्षण शिविर का भी जायजा लिया। सीईओ के साथ ही डायट के प्राचार्य ने भी शिक्षकों को आवश्यक जानकारी मुहैया कराई। ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षकों के लिए इन दिनों तक राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में प्रशिक्षण शिविर संचालित हो रहा है। बीस सितंबर तक चले वाले इस शिविर को शिक्षा विभाग के साथ ही एक गैर सरकारी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में पूरा किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे मुख्य शिक्षाधिकारी प्रदीप रावत ने शिक्षकों को शिविर में मिले अनुभवों का उपयोग विद्यालयों में करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सेवाकाल के दौरान दिए जाने वाले प्रशिक्षणों के महत्व की जानकारी दी। कहा कि इससे शिक्षकों को शिक्षा में हो रहे तकनीकी नवाचार से रूबरू होने का मौका मिलता है।

# पुलिस ने कांग्रेसियों से छीना सरकार का पुतला

ऋषिकेश। युवा कांग्रेसियों ने डोईवाला में किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मुकदमें दर्ज करने के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार का पुतला फूंकने का प्रयास कर रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस ने पुतला छीन लिया। मौके पर पुलिस कर्मियों और कांग्रेसियों में खूब छिना–झपटी हुई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का माहौल रहा। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद पुलिस कर्मियों ने बामुश्किल कार्यकर्ताओं से पुतला छीन लिया। इसके बाद कांग्रेसियों ने कोतवाली के सामने प्रदर्शनकर धरना दिया। शनिवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ता डोईवाला में शुगर मिल प्रकरण को लेकर प्रदर्शनकारी किसानों और कांग्रेसियों पर मुकदमे के विरोध



में दून तिराहे पर एकत्रित हुए। उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इसी बीच कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंकने का प्रयास किया, तो पहले से मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी उनपर झपट पड़े। पुतला छीनने के लिए कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों में जद्दोजहद होती दिखी। व्यस्ततम तिराहे पर पुतले की छीना–झपटी में कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का मौहाल नजर आया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुतला छीनने के प्रयास में पुलिसकर्मी दून तिराहे से करीब 50 मीटर दूर तक चले गए। बामुश्किल पुलिसकर्मी पुतला कब्जे में लेकर कोतवाली ले गए।

# ऋषिकेश में 29 अगस्त को निकलेगी संस्कृत शोभायात्रा

ऋषिकेश। ऋषिकेश नगर में 29 अगस्त को संस्कृत सप्ताह के तहत संस्कृत शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उत्तराखंड संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालय प्रबंधकीय शिक्षक संघ ने बैठक कर शोभायात्रा पर मंथन किया। शनिवार को पंजाब सिंध क्षेत्र साधु संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत विद्यालयों व महाविद्यालयों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। उत्तराखंड संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालय प्रबंधकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जनार्दन कैरवान ने कहा कि 29 अगस्त को संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य में ऋषिकेश नगर में संस्कृत शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें ऋषिकेश के समस्त संस्कृत विद्यालयों और



महाविद्यालयों के छात्र व शिक्षकगण सम्मलित होंगे। इस शोभा यात्रा का शुभारंभ शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और ऋषिकेश मेयर अनिता ममगाईं, श्री भरत मंदिर के महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य, संस्कृत शिक्षा के निदेशक शिव प्रसाद खाली संयुक्त रूप से करेंगे। यह शोभा यात्रा श्री भरत मंदिर झंडा चौक से प्रारंभ होकर ऋषिकेश नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए त्रिवेणी घाट पर संपन्न होगी। नेपाली संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ओम प्रकाश पुर्वाल ने कहा कि शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा का प्रचार–प्रसार करना है। बैठक में पंजाब सिंध क्षेत्र साधु संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन भट्ट, जयराम संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विजय जुगलान, शांतिप्रसाद मैठानी, सुशील नौटियाल, विनायक भट्ट, विपिन बहुगुणा, भरत मंदिर संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र भट्ट, सुभाषचंद्र डोभाल, पुरुषोत्तम कोठारी आदि उपस्थित रहे।

## बारिश के चलते खदरी में सुरक्षा दीवार और पुलिया ढही

ऋषिकेश। खदरी खड़कमाफ में एक बाढ़ सुरक्षा दीवार ढह गई। इसकी वजह से यहां समीप स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान पर भू कटाव का खतरा मंडराने लगा है। सूचना मिलने पर ग्राम विकास विभाग की टीम ने मौके का मुआयना किया। बीते दिनों से हो रही बारिश के चलते शुक्रवार की रात ग्राम सभा खदरी खड़कमाफ में राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के निकट बने 200 मीटर लंबे सुरक्षा तटबंध (सुरक्षा दीवार) का 25 मीटर लंबा हिस्सा ढह गया। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा पंचायत के सहयोग से निर्मित अस्थाई पुलिया भी बह गयी। जिला गंगा सुरक्षा समिति के सदस्य विनोद जुगलान ने कहा कि इसकी सूचना आपदा नियन्त्रण कक्ष ऋषिकेश और स्थानीय प्रधान संगीता थपलियाल को दी गयी है। सूचना पर डोईवाला बीडीओ जगत सिंह के निर्देश पर ग्राम्य विकास विभाग की टीम ने मौके का मुआयना किया।

# कारोबार में निवेश के नाम पर 3.35 करोड़ की धोखाधड़ी

देहरादून। दून निवासी एक व्यक्ति से अलग–अलग कारोबार में निवेश के नाम पर 3.25 करोड़ की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रमेश मनोचा निवासी नई दिल्ली ने डालनवाला थाने में तहरीर दी कि उनकी पहचान इंद्रप्रीत कोहली निवासी जबलपुर मध्यप्रदेश के माध्यम से अनिल उपाध्याय और विजय उपाध्याय उर्फ विजू डंगवाल दोनों निवासी आर्यनगर डालनवाला देहरादून से हुई थी। उनका कहना था कि वो होटल, टूरिस्ट ट्रेवल्स, बहु मंजली इमारत निर्माण, प्रोपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। उनका कारोबार भारत के साथ थाईलैंड में भी चल रहा है। उन्होंने रमेश के सामने निवेश का प्रस्ताव रखा। कहा कि इससे उन्हें काफी लाभ होगा। झांसे में आकर रमेश और उनके परिवार वालों ने मिलकर अनिल उपाध्याय के खाते में 85 लाख रुपये डाल दिए। रमेश ने बताया कि 2016 से अभी तक वो और उनके रिश्तेदार 3.35 करोड़ रुपये आरोपियों को दे चुके हैं। आरोप है कि उन्हें एक निर्माणाधीन बिल्डिंग दिखाई गई, बताया किया कि उनके रुपये उक्त बिल्डिंग में लगाए गए हैं। आरोप लगाया कि एक सोची समझी साजिश के तहत उनसे रकम हड़पी गई है।

# हल्द्वानी के किसानों ने सीएम को बताई समस्याएं

देहरादून।भाजपा पदाधिकारियों के नेतृत्व में हल्द्वानी के किसानों ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को रियल एस्टेट रेगुलेटरी आथोरिटी (रेरा) के मानकों से आ रही समस्याओं से रूबरू कराया। शनिवार दोपहर कैंप कार्यालय में भाजपा नैनीताल के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट और मेयर हल्द्वानी डॉ.जोगेंद्र सिंह रौतेला के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने भेंट की। इस दौरान किसानों ने बताया कि रेरा के मानकों की वजह से उन्हें अपनी कृषि भूमि को बेचने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रेरा ने एक निर्धारित मानक से अधिक जमीन बेचने पर प्रतिबंध लगाया। इसके साथ ही उन्होंने जिला विकास प्राधिकरण व रेरा के मानकों में शिथिलीकरण की मांग उठाई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार किसानों के सभी हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर ही है। उन्होंने सचिव आवास एसएन पांडेय नैनीताल जिले के अंतर्गत किसानों को रेरा से जो भी समस्याएं आ रही हैं,

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

विकासनगर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमनपुर निवासी एक व्यापारी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसकी सेलाकुई बाजार में दुकान है। कुछ अज्ञात लोगों ने दुकान में घुसकर उसकी पिटाई की। बताया कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। रविंद्र सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी जमनपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी सेलाकुई बाजार में दुकान है। शाम करीब छह बजे अज्ञात लोगों ने उसकी दुकान में आकर पहले तो बल्वा किया। उसके बाद उसके साथ मारपीट की। बताया कि आरोपियों ने उसको जान से मारने की धमकी दी। बताया कि आरोपियों से उसकी जान के लिए खतरा पैदा हो गया है।

# विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया

ऋषिकेश। पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालवाला में विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी में विज्ञान मॉडल के बाल वर्ग में आदित्य पंवार, किशोर वर्ग में दीपांशु रावत और तरुण वर्ग में दीपक सेमवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शनिवार को ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रधानाचार्य विजय बडोनी और प्रबंधक हर्षमणि व्यास ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।



प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के बाल वर्ग में आदित्य पंवार, नकुल, सुमित नेगी, किशोर वर्ग में दीपांशु रावत, अक्षत भट्ट, अक्षय त्यागी, तरुण वर्ग में दीपक सेमवाल, आयुष रावत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित मॉडल प्रतियोगिता के बाल वर्ग में रिशु आर्य, केशव मिश्रा, दीपक भट्ट, किशोर वर्ग में अभिषेक कुकरेती, आयुष मैथानी, आयुष रावत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रश्न मंच के बाल वर्ग में पीयूष राव, तन्मय सेमवाल, देवांश गोयल, किशोर वर्ग में विनायक जोशी, गौरव खंडूरी, अक्षत नेगी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# प्रणय ने क्वार्टर फाइनल में दुनियां के नंबर 1 एक्सेलसन को चौंकाया, पदक पक्का किया



नई दिल्ली , भारत के सवोच्च रैंक वाले पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय ने डेनमार्क के कोपेनहेगन में क्वार्टर फाइनल में एक गेम हारने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय पसंदीदा और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप पदक पक्का कर लिया।13–21, 21–15, 21–16 की जीत प्रणय को विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाला पांचवां भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बनाती है और 2011 के बाद से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कम से कम एक पदक विजेता होने के भारत के रिकॉर्ड को भी बढ़ा देती है।

लेकिन यह सब तब मुश्किल लग रहा था जब पुरुष युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी दिन की शुरुआत में अंतिम आठ चरण में हार गए थे और भारत की पदक की उम्मीदें पूरी तरह से प्रणय पर निर्भर थीं, जो अपने मौजूदा फॉर्म के बावजूद मैच में कमजोर खिलाड़ी के रूप में उतरे थे।

एक्सेलसन ने अपने आमने–सामने के रिकॉर्ड को 7–2 से आगे बढ़ाया और घरेलू धरती पर चैंपियनशिप से पहले उन्होंने जो पिछले तीन टूर्नामेंट में भाग लिया था, उसमें जीत हासिल की थी। दुनिया के नं. 1 ने जब शुरुआती गेम में 9–2 की बढ़त बना ली तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत सकते हैं। लेकिन प्रणय ने ऐसा होने नहीं दिया, खेल के मध्य अंतराल के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली और इससे निश्चित रूप से उनके प्रतिद्वंद्वी को संदेश गया कि वह लड़ाई के लिए तैयार हैं।प्रणय, जिन्होंने पहले दौर में 2021 विश्व चैंपियन लोह कीन यू को हराया था, ने दूसरे गेम में अपने दृष्टिकोण में अधिक उद्देश्य दिखाया और शुरुआती गेम की तुलना में वह एक्सेलसन के स्ट्रोक को कहीं बेहतर ढंग से पढ़ने में सक्षम थे। उन्होंने फोरहैंड और बैकहैंड दोनों स्मैश के साथ अपनी रेंज ढूंढनी शुरू कर दी और इससे डेन पर तुरंत दबाव बन गया, जो अंक हासिल करने के लिए गैप चाहता था।

दूसरे गेम में 49–शॉट की रैली ने स्कोर 19–14 कर दिया, इससे न केवल प्रणय का लचीलापन दिखा, बल्कि उनके सामने आने वाले अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने की उनकी क्षमता भी दिखी।यदि स्थानीय प्रशंसक एक्सेलसन से निर्णायक गेम में अपनी पकड़ बनाने की उम्मीद कर रहे थे, तो प्रणय नेट पर लड़ाई जीतने के लिए अच्छी तरह से तैयार थे और इसका मतलब था कि दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी हमेशा शटल का पीछा कर रहा था।

कुछ घबराहट भरे क्षण थे जब एक्सेलसन ने 6–12 से 14–17 के अंतर को कम कर दिया, लेकिन प्रणय अपनी स्थिति पर कायम रहे और अपने विरोधी की गलतियों को एक घंटे और आठ मिनट में क्वार्टरफाइनल में समाप्त करने के लिए मजबूर किया। अब उनका सामना थाईलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे के वांग जू वेई को 18–21, 21–15, 21–13 से हराया।

## बाकू शूटिंग वर्ल्ड्स में भारत ने छह स्वर्ण पदकों के साथ किया समापन

नई दिल्ली ,भारत ने अपने बाकू विश्व चैंपियनशिप अभियान का समापन छठे स्वर्ण और तीन और कांस्य पदकों के साथ किया, जिससे उसकी संख्या छह स्वर्ण और आठ कांस्य पदकों तक पहुंच गई, और वह वर्तमान में पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। तियाना, साक्षी सूर्यवंशी और किरणदीप कौर ने मिलकर महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता, जबकि तियाना ने इस स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य भी जीता। तियाना ने व्यक्तिगत कांस्य पदक के लिए 533 का स्कोर किया, जबकि साक्षी सूर्यवंशी ने 531 का स्कोर करके महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पांचवां स्थान हासिल किया। किरणदीप कौर 509 के साथ 11वें स्थान पर रहीं। हालांकि, तीनों ने कुल 1573 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन 1567 और मंगोलिया 1566 के साथ समाप्त हुआ।भारत ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी दो कांस्य पदक जीते, जब रविंदर सिंह ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 556 का स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया और फिर कमलजीत (11वें के लिए 547) और विक्रम शिंदे (18वें के लिए 543) के साथ मिलकर टीम कांस्य भी जीता। उनकी कुल संख्या 1646 थी।
विश्व चैम्पियनशिप के अंतिम ओलंपिक आयोजन में, पृथ्वीराज टोंडिमान और मनीषा कीर की भारतीय जोड़ी ने 133 का स्कोर बनाकर 22वें स्थान पर रही, जबकि किनान चेनाई और प्रीति रजक ने भी समान स्कोर बनाया,

# केएल राहुल को सिर्फ विकेटकीपर– बल्लेबाज ही माना जाना चाहिए: बांगड़




नई दिल्ली , पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ ने एशिया कप–2023 के लिए टीम इंडिया की तैयारियों में केएल राहुल की अहम भूमिका पर जोर दिया। एशिया कप 30 अगस्त से 17 सितंबर तक श्रीलंका और पाकिस्तान में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया ने 17 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान कर दिया है।

टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल का नाम भी है, जो इन दिनों इंजरी से परेशान हैं और अब तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं।

इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ ने एशिया कप–2023 के लिए टीम इंडिया की तैयारियों में केएल राहुल के बारे में बात की।

बांगड़ ने कहा, टीम इंडिया के टॉप 5 में कोई भी गेंदबाजी नहीं करता है, तो इसका मतलब है कि अगर आप 6 गेंदबाजी विकल्प चाहते हैं तो आपके पास अपने टॉप–5 में एक खिलाड़ी होना चाहिए जो गेंदबाजी कर सके या उसे विकेटकीपर बल्लेबाज होना चाहिए।मुझे लगता है कि अगर केएल राहुल एक विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं। तो, मेरा मानना है कि तभी उन्हें प्लेइंग–11 में शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि इस तरह से टीम का संतुलन बना रहेगा।

उन्होंने आगे कहा, अगर केएल राहुल एक बल्लेबाज के तौर पर फिट नहीं हैं तो टीम को ईशान किशन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। क्योंकि, वह एक बेहतर और नियमित विकेटकीपर रहे हैं।

50 ओवर प्रारूप के खेल में जहां भी भारत खेलने जा रहा है। आप एक फिट विकेटकीपर को शुरुआती–11 में शामिल करना चाहेंगे, न कि किसी ऐसे खिलाड़ी पर विचार करना चाहेंगे, जो आधा फिट है या जो फिर चोटिल हो सकता है।

# पाकिस्तान को रोमांचक जीत दिलाने वाले नसीम शाह ने कहा : ‘खुद पर भरोसा था

हंबनटोटा ,पाकिस्तान को अंतिम गेंद पर विजयी चौका लगाकर अफगानिस्तान पर एक विकेट से जीत दिलाने के बाद तेज गेंदबाज नसीम शाह ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत दिलाने के लिए उन्हें खुद पर भरोसा था।पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की टीम के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त भी बना ली है। लेकिन सीरीज का दूसरा मुकाबला हमेशा क्रिकेट फैंस को याद रहेगा, क्योंकि एक रोमांचक लास्ट ओवर थ्रिलर मैच में पाकिस्तान ने एक विकेट से जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने रहमानुल्लाह गुरबाज़ के 151 रन की बदौलत पांच विकेट के नुकसान पर 300 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने इस लक्ष्य का पीछा करते हुए एक गेंद और एक विकेट शेष रहते जीत दर्ज की।

इस रोमांचक मैच में पाकिस्तान को अंतिम ओवर में 11 रनों की जरूरत थी, शाह और हारिस राउफ क्रीज पर थे और एक गेंद रहते हुए मैच अपने नाम किया। शाह का विजयी रन फजलहक फारूकी के खिलाफ था, जिनके खिलाफ उन्होंने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाने के लिए दो छक्के लगाए थे।

नशीम ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि इस साल, पारी के अंत में मुझे जो मौके मिले हैं। ऐसे में, मैं उम्मीद करता हूं कि किसी दिन मुझे हार्ट अटैक नहीं आए। मैं अल्लाह और उसकी कृपा का बहुत आभारी हूं क्योंकि मैं हमेशा ऐसी स्थितियों में खुद पर विश्वास करने की कोशिश करता हूं।

शाह ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, जब मैं अंदर गया तो मुझे शादाब पर विश्वास हुआ। मुझे विश्वास था कि हम मैच खत्म करेंगे। लेकिन जब शादाब आउट हुए तो मुझे लगा कि अब सारी स्थिति मेरी है। गेंदबाज वही हैं और मुझे टीम को जीत दिलाने के लिए खुद पर भरोसा था।

हाल ही में इस खिलाड़ी ने खेल के अंतिम क्षणों में बड़े हिट लगाकर मैच को अपनी टीम के पक्ष में करने की प्रतिष्ठा अर्जित की है। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि यह बहुत खुशी की बात है और हमें इस जीत की बहुत जरूरत थी। मुझे विश्वास था कि मैं यह कर सकता हूं।शाह ने कहा, मुझे

## रणनीति पर अमल नहीं कर सके, विश्व चैम्पियनशिप से बाहर होने के बाद बोले सात्विक

कोपनहेगन, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी ने स्वीकार किया कि वह और उनके जोड़ीदार चिराग शेट्टी विश्व चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल में रणनीति पर अमल नहीं कर सके लेकिन उन्होंने कहा कि कड़ी चुनौती देकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे चैम्पियन की तरह खेल सकते हैं । सात्विक और चिराग विश्व चैम्पियनशिप में दूसरे पदक से चूक गए और क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स एस रासमुस्सेन से हार गए । पिछली बार उन्होंने कांस्य पदक जीता था । सात्विक ने मैच के बाद कहा , मुझे लगता है कि रणनीति पर अमल नहीं कर सके । हमने खराब खेला लेकिन फिर भी मुकाबला करीबी था । हम सहज नहीं खेल पा रहे थे लेकिन मैच 21. 18, 21. 19 तक ले गए जो बताता है कि हम चैम्पियन की तरह खेल सकते हैं । चिराग ने कहा, मुझे लय नहीं मिल सकी । मैं अपने स्तर पर नहीं खेल पा रहा था । मैं इससे बेहतर खेल सकता था लेकिन ऐसा होता है । खेल में कई बार आप अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेल पाते .

# वर्ल्ड कप 2023 का ऐसा क्रेज, टिकटों की बिक्री शुरु होते ही ऐप और वेबसाइट हुई क्रैश



दुबई ,अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकटों की आम बिक्री 25 अगस्त से शुरु हो गई है। पहले दिन नॉन इंडियन मैच की टिकट की बिक्री हुई, मगर इस दौरान फैंस का ऐसा जमावड़ा लगा कि आधिकारिक वेबसाइट और ऐप लगभग 35 से 40 मिनट के लिए क्रैश हो गए। इस कारण खेल प्रेमियों को टिकट बुक करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। ये हालत तो तब है जब भारत के मैच नहीं है, सोचिए जब 30 अगस्त से भारत के वॉर्म अप मैच और 31 अगस्त से अधिकारिक मैच की टिकट बिक्री शुरू होगी तो क्या हाल होगा।बता दें, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में भारत के अभ्यास मैचों के टिकट 30 अगस्त से खरीदे जा सकेंगे। एक दिन बाद, चेन्नई (बनाम ऑस्ट्रेलिया, आठ अक्टूबर), दिल्ली (बनाम अफगानिस्तान, 11 अक्टूबर) और पुणे (बनाम बंगलादेश, 19 अक्टूबर) में भारत के मैचों के लिए टिकट खोले जाएंगे।वर्ल्ड कप टिकटों की बिक्री काफी देर से शुरु हुई है और पहले ही दिन बिक्री उन मैचों की थी जिसमें भारत नहीं खेल रहा। हालांकि यह प्रक्रिया स्थानीय समयानुसार रात 8 बजे शुरु हुई और इसके तुरंत बाद प्रशंसकों ने ‘बुक माई शो’ एप के क्रैश होने की शिकायत की। यह एप पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले विश्व कप के लिए टिकट साझीदार है। विश्व कप 2019 फाइनल की पुनरावृत्ति के साथ शुरू हो रहा है, इंग्लैंड अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलगा। 2023 विश्व कप वनडे में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट का प्रदर्शन करेगा और सभी प्रतिस्पर्धी देशों ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट के जनून को देखा जाएगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, जैसा कि हम आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू करने की घोषणा करते हैं, हम अपने देश और दुनिया भर के हर कोने से क्रिकेट प्रशंसकों को हृदयतल से आमंत्रित करते हैं।

# फिल्मी दुनियां

# शाहरुख की जवान के लिए एकजुट हुए दुनियाभर के 6 मशहूर एक्शन निर्देशक, होगा जबरदस्त धमाका



शाहरुख खान अपनी फिल्म जवान के साथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। फिल्म के प्रीव्यू और गानों को प्रशंसकों ने काफी पसंद किया और वह बेसब्री से इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।अब फिल्म के एक्शन सीक्वेंस से जुड़ी खबर सामने आई है, जिसे जानकर प्रशंसक और भी उत्सुक हो गए हैं।दरअसल, निर्माताओं ने फिल्म के एक्शन को धमाकेदार बनाने के लिए 6 बड़े एक्शन निर्देशकों की एक फौज तैयार की थी।

जवान इस साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्मों में से एक है। ऐसे में फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों को कुछ नया और जबरदस्त दिखाने के लिए 6 बेहतरीन एक्शन निर्देशकों को इसका हिस्सा बनाया, जो विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में एक्शन सीक्वेंस फिल्मा चुके हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, जवान में बाइक, ट्रक और कार के अलावा भी कई तरह के एक्शन सीन को इन निर्देशकों ने फिल्माया है, जो बेहद ही रोमांचक होंगे। द फास्ट एंड द फ्यूरियस, कैप्टन अमेरिका और टीनएज म्यूटेंट निंजा टर्टल जैसी हॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा रहे स्पिरो रजाटोस भी जवान से जुड़े हैं। वह शाहरुख की फिल्म रा.वन का हिस्सा थे, जिसमें उनके एक्शन सीक्वेंस को सराहा गया था।हॉलीवुड, बॉलीवुड और तेलुगु फिल्मों में काम करने वाले एक्शन निर्देशक यानिक बेन ने भी फिल्म रईस के बाद दोबारा शाहरुख के साथ काम किया है। वह इंसेप्शन और टाइगर जिंदा है में एक्शन सीक्वेंस शूट कर चुके हैं। वॉर, मैड मैक्सः फ्यूरी रोड और एवेंजर्सः एज ऑफ अल्ट्रॉन जैसी फिल्मों में एक्शन सीन के पीछे क्रेग मैक्रे का हाथ है। अब जवान में उनकी भागीदारी ने टीम के कद को और ऊंचा कर दिया है।केचा खम्फकडी ने हिंदी सहित कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया है।वह मुख्य रूप से प्रभास की बाहुबली 2 में अपने प्रभावशाली योगदान के लिए जाने जाते हैं, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था। इनके अलावा शेरशाह, सूर्यवंशी और पठान जैसी फिल्मों में एक्शन सीन से अपनी छाप छोड़ने वाले सुनील रोड्रिग्स ने भी जवान में जबरदस्त एक्शन फिल्माया है।अनल अरासु की बात करें तो वह फाइट मास्टर/एक्शन कोरियोग्राफर हैं, जो तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी फिल्मों में काम करते हैं।वह सलमान खान की सुल्तान और किक सहित कई फिल्मों में एक्शन कराने के लिए मशहूर हैं।

## तेरी आदत 2 के लिए उत्साहित हूं अनुष्का सेन

सिद्धार्थ निगम के साथ तेरी आदत 2 में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अनुष्का सेन का कहना है कि वह अपने आगामी गीत को लेकर उत्साहित हैं और दोनों ने इसे बड़ा बनाने के लिए काम किया है।

अनुष्का सेन और सिद्धार्थ निगम को मुंबई में डिनर आउटिंग के दौरान देखा गया। बातचीत करते हुए, दोनों ने अपने तीसरे गाने तेरी आदत 2 के बारे में बात की।

गाने के बारे में बात करते हुए अनुष्का सेन ने कहा, तेरी आदत को बहुत प्यार और सराहना मिली, अब तेरी आदत 2 आ रही है, प्रशंसक बेसब्री से गाने का इंतजार कर रहे थे, हम दोनों गाने को लेकर उत्साहित हैं। हम दोनों ने गाने पर बहुत मेहनत की है और यह बहुत अच्छा लग रहा है। सिद्धार्थ निगम और अनुष्का सेन ने गल करके और तेरी आदत म्यूजिक वीडियो किए हैं, दोनों ही प्रशंसकों के बीच काफी हिट रहे।

# गिप्पी ग्रेवाल की मौजां ही मौजां का पहला गाना दिल मंगदा जारी



पंजाबी सिनेमा के जाने–माने अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म मौजां ही मौजां को लेकर चर्चा में हैं।कुछ दिनों पहले फिल्म का पहला पोस्टर सामने आया था, जिसे प्रशंसकों का बेशुमार प्यार मिला। अब निर्माताओं ने मौजां ही मौजां का पहला गाना दिल मंगदा जारी कर दिया है, जिसे गिप्पी ने खुद अपनी आवाज दी है। गाने के बोल हैप्पी रायकोटी ने लिखे हैं। मौजां ही मौजां में तनु ग्रेवाल, बिन्नू ढिल्लों, करमजीत अनमोल, हशनीन चौहान, जिमी शर्मा, योगराज सिंह, बी.एन. शर्मा और नासिर चिन्योति जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।इसका निर्देशन स्मीप कांग द्वारा किया जा रहा है, जबकि अमर दीप ग्रेवाल द्वारा फिल्म के निर्माता हैं। इसके अलावा गिप्पी शेरां दी कौम पंजाबी में अभिनय करते दिखाई देंगे। जैसा कि अनुमान लगाया गया है, फिल्म भाई–बहनों की प्रेम कहानियों को दिखाएगी और गिप्पी ग्रेवाल को बहरा, बिन्नू ढिल्लों को अंधा और करमजीत अनमोल को गूंगे के रूप में अपनी विकलांगता के कारण अपमान का सामना करना पड़ता है। लेकिन अभी तक इस साजिश पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

इसकी पुष्टि टीजर या ट्रेलर के रिलीज़ होने के बाद ही की जा सकती है जो हमें फिल्म की कहानी के बारे में गहराई से जानने का मौका देगा।

# 42 साल की श्वेता तिवारी की हॉटनेस ने किया हैरान, कैमरे के सामने दिखाया कर्वी फिगर



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी अदाकारी का जादू लंबे समय से देशभर के दर्शकों पर चलाया है. एक्ट्रेस ने अब तक के करियर में यह तो साबित कर ही दिया है कि वह किसी भी तरह के किरदार में बखूबी खुद को ढाल सकती है. अपनी अदाकारी के अलावा श्वेता ने अपनी सिजलिंग अदाओं का जादू भी हर किसी पर चलाया है. अब एक बार फिर से एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला है. श्वेता अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं. अक्सर वह फैंस के साथ अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ–साथ पर्सनल लाइफ की झलक भी शेयर करती रहती हैं.

अब उन्होंने फिर फैंस के साथ नया लुक शेयर किया है. फोटोज में श्वेता चेक प्रिंट वाला लोअर और स्लीवलेस क्रॉप टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं. श्वेता ने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है.

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हड्डी का ट्रेलर जारी, जी5 पर 7 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म



नवाजुद्दीन सिद्दीकी हाल ही में फिल्म टीकू वेड्स शेरू में नजर आए थे। फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी, लेकिन लोगों को पसंद नहीं आई। वहीं अब एक बार फिर नवाज अपने नए रूप में आने के लिए तैयार है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक्टर की नई फिल्म हड्डी का शानदार ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म मेकर्स ने हड्डी का ट्रेलर रिलीज किया। फिल्म हड्डी के 2.25 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत कमरे की दीवार पर लगी ट्रांसजेंडर की तस्वीरें, लाल साड़ी पहने और हाथ में तेज धार वाला छुरा लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में नवाज एक से बढ़कर एक दमदार डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं, जिसमें वो कहते हैं, हमारा आशीर्वाद बहुत शक्तिशाली होता है और हमारा श्राप बहुत भयावह, और उससे भी भयावह जानते हो क्या होता है, हमारा बदला.। ट्रांसजेंडर बनकर नवाज कई खून करते नजर आ रहे हैं। नवाजुद्दीन ने अपने इस किरदार से एक बार फिर सभी को हैरान कर दिया है। यह फिल्म नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 7 सितंबर को रिलीज होगी। बता दें, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के फिल्म से अब तक तीन से 4 ट्रांसजेंडर लुक भी सामने आ चुके हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन अक्षत अजय शर्मा ने किया है, जबकि जी स्टूडियो द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो पवन कृपलानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म ‘फोबिया 2’ में अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। साथ ही वो जयदीप चोपड़ा की फिल्म ‘संगीन’ में अपने सेक्रेड गेम्स के को–स्टार एलनाज नोरौजी के साथ अहम रोल प्ले करेंगे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338